PLANET NEWS INDIA — हर खबर सच के साथ
Follow us on:/

निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)





# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228

(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)

■ वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■ अलीगढ़, बुधवार 26 अगस्त 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com

## आईबी अफसर अंकित शर्मा हत्याकांड

### ताहिर हुसैन ने खटखटाया हाई कोर्ट का दरवाजा, उम्रकैद की सजा को चुनौती दी

कड़कड़डूमा कोर्ट ने 31 जुलाई को ताहिर हुसैन और उनके साथ चार अन्य दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। उन्हें 13 जुलाई को दोषी ठहराया गया था। आईबी अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या के मामले में पूर्व आप पार्षद ताहिर हुसैन ने दिल्ली हाई कोर्ट में आजीवन कारावास की सजा को चुनौती देते हुए अपील दायर की है। इस अपील पर अगले सप्ताह सुनवाई होने की संभावना है। कड़कड़डूमा कोर्ट ने 31 जुलाई को ताहिर हुसैन और उनके साथ चार अन्य दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। उन्हें 13 जुलाई को दोषी ठहराया गया था। कोर्ट ने पांचों दोषियों ताहिर हुसैन, नजीर, आसिम, जावेद और अनास को उम्र कैद की सजा सुनाई थी। अंकित शर्मा की हत्या 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों के दौरान दयाल पुर इलाके में हुई थी। उनका क्षत-विक्षत शव एक नाले से बरामद हुआ था।

**क्या था मामला**

वर्ष 2020 में नागरिकता संशोधन कानून के समर्थकों और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसा के बाद 24 फरवरी, 2020 को उत्तर-पूर्वी दिल्ली में सांप्रदायिक झड़पें हुईं, जिसमें कम से कम 53 लोग मारे गए और कई घायल हो गए थे।




इसी दौरान जब अंकित शर्मा आरोपियों को शांत करने और उनसे कानून हाथ में नहीं लेने का आग्रह कर रहे थे। तभी उन्हें पकड़ लिया गया और उनकी जान लेने के बाद शव नाले में फेंक दिया गया था।

**कौन है ताहिर हुसैन**

ताहिर हुसैन ने 2017 में आम आदमी पार्टी के टिकट पर पार्षद का चुनाव जीतकर पार्षद बना। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के अमरोहा स्थित पौरारा गांव का रहने वाला है। पांच भाइयों में ताहिर सबसे बड़ा है। 2017 के चुनावी हलफनामे में उसने 18 करोड़ की घोषित संपत्ति थी। 2020 के दिल्ली दंगों में ताहिर का नाम आया। दंगों में ताहिर का नाम आने के बाद आम आदमी पार्टी ने उसे पर्टी से निष्कासित कर दिया।

## कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कुनाल चौधरी का अलीगढ़ में भव्य स्वागत

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संघर्ष करने का किया आह्वान









**अलीगढ़, 25 अगस्त 2026**। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं ब्रजप्रांत उत्तर प्रदेश के सह-प्रभारी **कुनाल चौधरी** के प्रथम बार अलीगढ़ आगमन पर जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी की ओर से मैरिस रोड स्थित शहनाई मैरिज होम में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व विधायक **विवेक बंसल** ने किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष **ठाकुर सोमवीर सिंह** एवं महानगर अध्यक्ष **नवेद खान** ने फूलों की माला, पगड़ी, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह-पर्यवेक्षक परवेज आरिफ टीटू, वीनेश सांवल, पूर्व प्रदेश महासचिव रूही जुबैरी एवं पूर्व राष्ट्रीय सचिव श्यौराज जीवन का भी स्वागत किया गया। इससे पहले मडराक टोल पर भी बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कुनाल चौधरी का स्वागत किया।

समारोह को संबोधित करते हुए **कुनाल चौधरी** ने कहा कि वह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के प्रतिनिधि के रूप में अलीगढ़ आए हैं। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से छात्रों, युवाओं, किसानों, गरीबों, शोषितों और मजदूर वर्ग के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाकर संघर्ष करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की मौजूदा सरकार से जनता परेशान है और कांग्रेस की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है। कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पूरी क्षमता के साथ जनता की समस्याओं को उठाने और संगठन को मजबूत करने की अपील की।

पूर्व विधायक **विवेक बंसल** ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस लंबे समय से सत्ता से बाहर है, लेकिन अलीगढ़ के कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्साह और जोश लगातार बना हुआ है। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यक्रमों और भाजपा सरकार के खिलाफ आंदोलनों में अलीगढ़ के कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। उन्होंने आगामी **2027 विधानसभा चुनाव** को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इसमें कांग्रेस का बेहतर प्रदर्शन 2029 के लोकसभा चुनाव की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएगा।

कार्यक्रम के दौरान महानगर अध्यक्ष नवेद खान की प्रेरणा से **अमीर निशां व्यापार मंडल** के करीब डेढ़ दर्जन पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कुनाल चौधरी के समक्ष कांग्रेस पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष ठाकुर सोमवीर सिंह ने की, जबकि संचालन वरिष्ठ कांग्रेसी गया प्रसाद गिर्राज ने किया। समारोह में जिला एवं महानगर कांग्रेस के पदाधिकारियों, ब्लॉक अध्यक्षों, युवा कांग्रेस नेताओं समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## यूपी: आंबेडकर प्रतिमा विवाद पर मायावती की दो टूक, महापुरुषों का सम्मान बना रहे, न बनाएं राजनीतिक हथियार






**बीते दिनों यह मामले आए चर्चाओं में**

हिजाब व यूनिफॉर्म विवाद: पिछले कुछ समय से देश के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में धार्मिक पहनावे और ड्रेस कोड को लेकर विवाद खड़े हुए थे, जिसने राजनीतिक रूप ले लिया था और सामाजिक सौहार्द को प्रभावित किया था। बदायूं प्रतिमा विवाद: उत्तर प्रदेश के बदायूँ जिले में स्थानीय स्तर पर डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर दो पक्षों और पुलिस-प्रशासन के बीच गतिरोध व तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी।

**Ambedkar statue controversy: उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में स्थानीय स्तर पर डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर दो पक्षों और पुलिस-प्रशासन के बीच हुए विवाद पर मायावती ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'X' के माध्यम से संविधान, हिजाब विवाद और डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को लेकर चल रहे तनाव पर पार्टी का कड़ा रुख साफ किया है। बाबा साहेब द्वारा दिए गए धर्मनिरपेक्ष संविधान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि देश के सभी धर्मों की मान्यताओं, परंपराओं और रीति-रिवाजों का पूरा सम्मान होना चाहिए तथा इनमें किसी भी तरह का हस्तक्षेप अनुचित है। शैक्षणिक संस्थानों में यूनिफॉर्म, पर्दा या हिजाब से जुड़े विवादों पर उन्होंने सलाह दी कि ऐसे मामलों को अनावश्यक तूल देकर अदालती या कानूनी विवाद बनाने से बचना चाहिए। स्थानीय प्रशासन और स्कूल प्रबंधन को आपसी समझ-बूझ से इन मुद्दों को सुलझाना चाहिए ताकि कोई भी तत्व इस पर संकीर्ण राजनीति न कर सके। इसके साथ ही, उन्होंने उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर बने तनावपूर्ण माहौल का तुरंत और शांतिपूर्ण समाधान निकालने की मांग की है। बदायूं के फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के गांव राजा की सीकरी में ग्राम समाज की खलिहान की भूमि पर बिना अनुमति डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने और गिराकर क्षतिग्रस्त करने के आरोप के बीच मंगलवार को सुबह से शाम तक जमकर बवाल हुआ। सरकारी भूमि पर प्रतिमा स्थापित करने की मांग पर अड़े ग्रामीण शाम को उतने उग्र हो गए कि भीड़ ने पुलिस प्रशासन के अधिकारियों पर पथराव कर दिया। करीब आधे घंटे तक हुए पथराव में एसडीएम, सीओ की गाड़ी सहित एक दर्जन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। अफसरों ने भागकर खुद को बचाया। पथराव से मौके पर दहशत फैल गई। पथराव में कई नागरिकों के साथ पुलिस प्रशासन के कर्मचारियों के घायल होने की बात सामने आई है। पुलिस फोर्स ने बलपूर्वक बवालियों को खदेड़ते हुए आंबेडकर प्रतिमा कब्जे में कर ली। पुलिस ने करीब 12 लोगों को हिरासत में ले लिया है।**

## Aligarh News: महावीरगंज-कनवरीगंज में आज से 60 रुपये किलो बिकेगी चीनी

रक्षाबंधन और अन्य त्योहारों के मद्देनजर आम नागरिकों को महंगाई से राहत दिलाने के लिए अलीगढ़ शुगर एसोसिएशन की ओर से सराहनीय पहल की गई है। एसोसिएशन द्वारा शहर में दो विशेष काउंटर लगाए जा रहे हैं, जहां लोगों को रियायती दरों पर चीनी उपलब्ध कराई जाएगी। शहर में एक काउंटर महावीर गंज और दूसरा कनवरी गंज में लगाया जाएगा। यह काउंटर प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित होंगे। अलीगढ़ शुगर एसोसिएशन के ध्रुवेश चंद्र वार्ष्णेय ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को कार्ड या पहचान के आधार पर 2 किलोग्राम चीनी दी जाएगी। मंगलवार के थोक बाजार भाव के अनुसार इसकी दर 60 रुपये प्रति किलो तय की गई है। एसोसिएशन ने साफ किया है कि रक्षाबंधन और अन्य त्योहारों को देखते हुए चीनी के दाम किसी भी स्थिति में बढ़ाए नहीं जाएंगे। यदि आने वाले दिनों में बाजार में कीमतें बढ़ती भी हैं तो भी जनता के लिए यही 60 रुपये प्रति किलो दरें बरकरार रहेंगी और इसका अतिरिक्त हर्जा-खर्चा एसोसिएशन खुद वहन करेगी।



## Aligarh News: कराटे खिलाड़ियों ने सात स्वर्ण समेत 15 पदक जीते




तीसरी वर्ल्ड मॉडर्न शूतोकन कराटे फेडरेशन (डब्ल्यूएमएसकेएफ) ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में अलीगढ़ के खिलाड़ियों ने सात स्वर्ण समेत 15 पदक जीते। यह चैंपियनशिप केडी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में आयोजित हुई। कराटे टेंपल वॉरियर्स के 20 खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों में हिस्सा लिया। इनमें भूमि सिंह, सुरभि चौधरी, वंशिका गौड़, दिव्या चौधरी, दर्श वर्मा, आयुष सिंह और अमन राजपूत ने स्वर्ण पदक जीता। महक चौधरी, ईसा रहमान और मोहम्मद वसीम आरिफ ने रजत पदक जीता। अनन्या सिंह, सना फैजी, हर्षित मालन, हर्षित तिवारी और एक अन्य खिलाड़ी ने कांस्य पदक जीता। स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक विजेताओं को सम्मानित किया गया। अलीगढ़ कराटे डू एसोसिएशन के महासचिव मिर्जा वसीम बेग, नरेश कुमार, सुरभी चौधरी और जुबैर खान को कराटे एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव क्योशी जसपाल सिंह ने सम्मानित किया। जिला ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव मजहर उल कमर ने कहा कि खिलाड़ियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। इस अवसर पर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष धर्मपाल सिंह, अकबर रजा, कोषाध्यक्ष मोहम्मद शादाब, सैयद काशिफ अली, मोहम्मद फैजान, मोहम्मद तालिब शमीम, सोनिया, खुशी शर्मा आदि मौजूद रहे।

## Aligarh News: घटिया निर्माण पर दो फर्मों पर कार्रवाई, फिर से कराना होगा कार्य

**विकास कार्यों में घटिया सामग्री का इस्तेमाल दो फर्मों को भारी पड़ा। वार्ड-62 के कुंवर नगर और माली नगला क्षेत्र में निर्माण की गुणवत्ता खराब मिलने पर नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने दोनों फर्मों पर कार्रवाई की है। दोनों पर टेंडर धनराशि का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। साथ ही 10 दिन में खराब निर्माण तोड़कर मानकों के अनुसार दोबारा कराने के निर्देश दिए गए हैं। विकास कार्यों की गुणवत्ता जांचने निकले नगर आयुक्त को वार्ड-62 में आरसीसी नाली और इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण में खामियां मिलीं। दोनों स्थानों पर निर्माण की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं थी। एक कार्य मेसर्स रत्नाकर की ओर से करीब 15.58 लाख रुपये की लागत से कराया जा रहा है। दूसरा काम मेसर्स हर्ष एंटरप्राइजेज की ओर से करीब 14.64 लाख रुपये की लागत से कराया जा रहा है।**



**स्थानीय लोगों और पार्षद ने भी निर्माण की गुणवत्ता को लेकर नगर आयुक्त से शिकायत की थी। जांच के दौरान खामियां मिलने पर नगर आयुक्त ने दोनों फर्मों को 10 दिन की समय सीमा दी है। उन्होंने खराब निर्माण को तोड़कर मानकों के अनुसार दोबारा कराने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने चेतावनी दी कि तय समय में निर्माण कार्य दुरुस्त नहीं किया गया तो जमानत और देय धनराशि जब्त की जाएगी। इसके साथ ही फर्मों को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई भी होगी।**

## Aligarh News: यूजीसी, एससी-एसटी एक्ट के विरोध में किया पैदल मार्च

**सवर्ण एकता ने यूजीसी के काले कानूनों, एससी/ एसटी एक्ट और जातीय आरक्षण के विरोध में मंगलवार को पैदल मार्च निकाला। यह मार्च खिरनी गेट से गांधी पार्क तक किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में सवर्ण समाज के लोग शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर सवर्णों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया। शांतनु गुप्ता ने कहा कि सरकार सवर्णों पर जबरदस्ती ऐसे कानून थोप रही है। गौरव सारस्वत ने मांग की कि एससी/एसटी एक्ट को जातीय के बजाय आर्थिक आधार पर लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट भी कह चुकी है कि अधिकांश एससी/ एसटी के मुकदमे झूठे पाए गए हैं। रुद्रा पंडित ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हिंदुत्व के नाम पर वोट लेकर सवर्णों के खिलाफ कानून थोपने का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी कि इन कानूनों से सवर्णों की पीढ़ी बर्बाद हो जाएगी। राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के महानगर अध्यक्ष नितिन सक्सेना ने सरकार को तानाशाह बताया और कहा कि सवर्ण समाज 2027 में सरकार बदलने को तैयार है।**




उन्होंने दिल्ली के जंतर-मंतर पर बच्चों और माताओं-बहनों पर हुए अत्याचार का जिक्र किया। उन्होंने दावा किया कि 2027 में अलंकार अग्निहोत्री के नेतृत्व में राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा की सरकार बनेगी। इस मौके पर सचिन राघव, मुकेश शर्मा, केशव श्रीवास्तव, अंकुश भारद्वाज, आकाश शर्मा, प्रहलाद शर्मा, राजुल शर्मा, अमित सारस्वत आदि थे।

# यूपी: प्रदेश की बुजुर्ग महिलाओं को आज तोहफा देंगे सीएम योगी पूरी तरह से फ्री में होगी बस यात्रा;

यूपी की बुजुर्ग महिलाओं का सीएम योगी आज से सरकारी बसों में फ्री यात्रा का तोहफा देंगे। इसके लिए रोडवेज पर अतिरिक्त व्यय आएगा।योगी सरकार के इस फैसले का लाभ बड़ी संख्या में महिला यात्रियों को मिलेगा। एक अनुमान के मुताबिक प्रतिदिन करीब 88,438 महिला यात्रियों द्वारा इस सुविधा का लाभ उठाया जा सकता है। इससे महिलाओं को प्रतिदिन आने-जाने के खर्च में राहत मिलेगी। विशेष रूप से 60 वर्ष से अधिक उम्र की उन महिलाओं के लिए सार्वजनिक परिवहन अधिक सुलभ होगा, जिन्हें नियमित रूप से विभिन्न कार्यों के लिए यात्रा करनी पड़ती है।

**निगम की ओर से जारी होंगे विशेष स्मार्ट कार्ड**

इस योजना के तहत निशुल्क यात्रा सुविधा को व्यवस्थित तरीके से लागू करने के लिए 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को परिवहन निगम की ओर से विशेष स्मार्ट कार्ड उपलब्ध कराए जाएंगे।




स्मार्ट कार्ड के माध्यम से पात्र महिला यात्रियों की पहचान और निशुल्क यात्रा की व्यवस्था को सुगम बनाया जा सकेगा।

**22 करोड़ से ज्यादा हर महीने होंगे खर्च**

इस सुविधा के तहत सरकार पर हर महीने 22.55 करोड़ रुपये का अतिरिक्त व्यय भार आएगा। योगी सरकार ने इस फैसले के जरिए महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता के रूप में दर्शाया है। 'सशक्त नारी' के संकल्प को अब परिवहन सेवाओं से भी जोड़ दिया गया है।

**विशेष बसों को दिखाएंगे हरी झंडी**

मातृशक्ति के सम्मान, सुविधा और सशक्तीकरण को प्राथमिकता देते हुए योगी सरकार बुजुर्ग महिलाओं को बड़ी सौगात देने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को 'लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा' योजना का शुभारंभ करेंगे। योजना के तहत 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की महिलाओं को नि:शुल्क बस यात्रा की सुविधा मिलेगी।

लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विशेष बसों को फ्लैग ऑफ करेंगे। कार्यक्रम में प्रतिभागी महिलाओं को फल, मिठाई और साड़ी भेंट कर सम्मानित भी किया जाएगा। इस दौरान यूपी के दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल समेत तमाम नेतागण मौजूद रहेंगे।

**डिजिटल तकनीक से जोड़ने के लिए होंगे एमओयू**

इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने सरकारी आवास 5 कालिदास मार्ग पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। जहां पूर्वी उत्तर प्रदेश के 21 और बुंदेलखंड के 7 जिलों में कृषि उत्पादकता बढ़ाने और अन्नदाताओं की आय में वृद्धि के लिए विशेष कार्यक्रम होगा। विश्व बैंक वित्तपोषित यूपी-एग्रीज परियोजना के तहत कृषि क्षेत्र को डिजिटल तकनीक से जोड़ने के लिए विभिन्न संस्थाओं के साथ एमओयू किए जाएंगे। इससे किसानों को आधुनिक तकनीक, बेहतर कृषि सेवाओं और एकीकृत डिजिटल मंच का लाभ मिलने की दिशा में कदम बढ़ेगा।

# पूर्वांचल में आफत की बारिश: मिर्जापुर में मकान ढहे,

## चंदौली-सोनभद्र में बांध के फाटक खोले; जमकर बरसे मेघ




पूर्वांचल में आफत की बारिश हुई। पूर्वांचल के वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र गाजीपुर, आजमगढ़, जौनपुर, भदोही, सोनभद्र में 24 घंटे के दौरान तेज हवाओं के साथ जमकर हुई बारिश ने तबाही मचाई।सावन महीने की शुरुआत में पूर्वांचल के अधिकांश जिलों में कम बारिश हुई, लेकिन अंतिम चरण में वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र गाजीपुर, आजमगढ़, जौनपुर, भदोही, सोनभद्र में 24 घंटे के दौरान तेज हवाओं के साथ जमकर बारिश हुई। वाराणसी में 24 घंटे में 130 मिमी बारिश हुई। चेतगंज थाना क्षेत्र के कालीमहल तिराहे पर त्रिलोकी मोदनवाल (50) की करंट से मौत हो गई। सिगरा थाना क्षेत्र के लल्लापुरा (काजीपुर खुर्द) में पिता-पुत्र की करंट से मौत हो गई। चोलापुर थाना क्षेत्र के रूपचंदपुर गांव में मंगलवार की सुबह बारिश के दौरान बिजली गिरने से विनय यादव (25) की मौत हो गई। पुरानी दीवार ढहने से ठेले पर सोए दंपती रवींद्र नाथ मिश्रा (60) और उनकी पत्नी प्रतिमा मिश्र (55) की मलबे में दबकर मौत हो गई। शहर में 11 जगहों पर पेड़ गिरे। आधे शहर में बत्ती गुल रही। हुकुलगंज में ट्रांसफॉर्मर ब्लास्ट हो गया। उधर, बीएचयू कैंपस पूरी तरह से तालाब बना रहा। बीएचयू अस्पताल में कमर भर पानी से होकर लोग दवा-इलाज के लिए पहुंचे।



उधर, मिर्जापुर जिले के शहर क्षेत्र में स्थित जुबली स्कूल के एक कमरे की छत गिर गई, जबकि मड़िहान क्षेत्र में तीन लोगों के कच्चे मकान गिर गए। हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई। बारिश के कारण क्षमता से अधिक पानी भर जाने से जरगो जलाशय के तीन गेट खोल दिए गए। जिले में पूरी रात बारिश हुई। हालांकि मंगलवार को दिन में बादल छाए रहे लेकिन बारिश नहीं हुई। शाम को फिर तेज बारिश हुई।





भदोही जिले में 24 घंटे में 88 मिलीमीटर बारिश हुई। सोमवार की देर शाम शुरू हुई बारिश रात भर होती रही। इससे हाईवे की सर्विसलेन, मंदिर, कॉलोनियों में पानी भर गया। मंगलवार की सुबह भी जिले भर में बारिश हुई। बारिश की वजह से अधिकतम तापमान दो डिग्री गिरकर 31 और न्यूनतम तापमान भी दो डिग्री गिरावट के साथ 26 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। मौसम विभाग ने आने वाले 24 घंटे में अच्छी बारिश की संभावना जताई है। हालांकि दोपहर के समय मुख्यालय समेत आसपास के इलाकों में धूप दिखी। ज्ञानपुर, भदोही, सुरियावां, नईबाजार, मोढ़, दुर्गागंज, घोसिया, औराई इलाके में अच्छी बारिश हुई।

# नया खुलासा: लाश के 18 टुकड़े,

## सब्जी और मैदा में मिलाकर भगोने में पकाए ये अंग; इसलिए निशा को दी भयानक मौत

चेन्नई के गुडुवांचेरी स्थित एक मकान से बरामद हयातुन निशा के शव के टुकड़ों और कटे सिर ने सनसनी फैला दी है, जिसकी हत्या का शक मणिकउद्दीन लश्कर और भगवती माझी पर है। यह खौफनाक मामला तब सामने आया जब 5 अगस्त को आगरा कैंट स्टेशन पर तमिलनाडु एक्सप्रेस के कोच से एक ट्रॉली बैग में शव के टुकड़े मिले थे।तमिलनाडु एक्सप्रेस के जनरल कोच में पांच अगस्त को मिले लाश के टुकड़ों की जांच से हयातुन निशा की हत्या का मामला सामने आ गया। चेन्नई जीआरपी की जांच में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मणिकउद्दीन लश्कर और भगवती माझी पर शक गहराया है। चेन्नई के गुडुवांचेरी स्थित एक मकान से हयातुन निशा का कटा सिर मिला है और दोनों आरोपी लापता हैं।मृतका की पहचान 38 वर्षीय हयातुन निशा पत्नी जहूर खान के रूप में हुई है, जो ओडिशा के जगतसिंहपुर की निवासी थी। वह चेन्नई के तांबरम में विजय वस्त्र में काम करती थी। पुलिस जांच में मणिकउद्दीन लश्कर (असम) और भगवती माझी (ओडिशा) के नाम सामने आए हैं। दोनों गुडुवांचेरी के मसूधी स्ट्रीट स्थित किराए के मकान में रहते थे। 21 अगस्त को पुलिस ने इस मकान की तलाशी ली। वहां एक बड़े बर्तन में मांस और शरीर के अन्य अंग मिले। पुलिस को आशंका है कि हयातुन निशा की हत्या इसी मकान में की गई और शव को काटकर ठिकाने लगाने की योजना बनाई गई।



जांच में यह भी सामने आया कि शरीर के कुछ हिस्सों को मैदा और सब्जी में मिलाकर पकाया गया था। जीआरपी सीओ के अनुसार, युवक ने अपनी प्रेमिका के साथ मिलकर हत्या की है। लाश के 18 टुकड़े किए गए।

**बेटे ने दर्ज कराई गुमशुदगी**

हयातुन निशा का 19 वर्षीय बेटा यूसुफ खान 21 अगस्त को अपनी मां से मिलने उसी मकान पर पहुंचा था। मां के नहीं मिलने और लापता होने की जानकारी पर उसने गुडुवांचेरी थाने में दी और गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस अब आरोपियों की तलाश के साथ मोबाइल कॉल विवरण और अन्य डिजिटल प्रमाणों की जांच करेगी। इससे हत्या के समय, विवाद और शव के टुकड़े करने की योजना का पता चल सकेगा।

**चेन्नई स्थानांतरित हुआ मामला**

आगरा कैंट स्टेशन पर 5 अगस्त की सुबह करीब 5:03 बजे ट्रेन संख्या 12621 तमिलनाडु एक्सप्रेस के पिछले कोच में एक लाल ट्रॉली बैग से सड़ी-गली अवस्था में लाश के टुकड़े मिले थे। घटना के बाद आगरा जीआरपी में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। शुरुआती कार्रवाई, शव परीक्षण और न्यायिक विज्ञान जांच के बाद मामला चेन्नई जीआरपी को स्थानांतरित कर दिया गया है। दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही हत्या की पूरी वजह और घटनाक्रम स्पष्ट होगा।

# अतीक के बेटे अबान की मौत पर नया खुलासा:

## 130 किमी रफ्तार, दस फीट उछली, फिर दाएं पहिये पर गिरी कार; ये सवाल बाकी




यूपी के झांसी में माफिया अतीक अहमद के छोटे बेटे अबान की कार हादसे में हुई मौत पर नई जानकारी सामने आई है। अबान की कार हाईवे पर 130 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ रही थी। हादसे में क्षतिग्रस्त हुई कार की तकनीकी जांच कराई गई है। रिपोर्ट में भी हादसे की पुष्टि हुई है।झांसी में माफिया अतीक अहमद के बेटे की सड़क हादसे में हुई मौत के मामले में एक और नया खुलासा हुआ है। जानकारी सामने आई है कि अबान की कार हादसे से पहले करीब 130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ रही थी। इसका खुलासा हादसे के बाद तकनीकी जांच के लिए गठित कमेटी की रिपोर्ट में हुआ है। तकनीकी जांच कमेटी ने हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार का मुआयना किया, उसके बाद यह रिपोर्ट सौंपी गई। रिपोर्ट से हादसे की तो पुष्टि होती है लेकिन, इसके पीछे की वजह साफ नहीं हो सकी हालांकि दुर्घटना के हालत को देखते हुए चालक को झपकी आने की संभावना जताई जा रही है। जांच रिपोर्ट लखनऊ आला पुलिस अफसरों को भी भेजी गई है।



छह अगस्त की सुबह प्रयागराज से झांसी आते समय झांसी-कानपुर हाईवे पर पूंछ थाना क्षेत्र के खिल्ली गांव के पास अबान की कार हाईवे की सुरक्षा दीवार से जा भिड़ी थी। हादसे के बाद तकनीकी जांच के लिए परिवहन विभाग के आरआई राघव कुमार एवं एमटी (तकनीकी) प्रभारी शिव कुमार की अगुवाई में टीम बनाई गई।



जांच के दौरान टीम ने कार के ब्रेकिंग सिस्टम, स्टीयरिंग, सस्पेंशन, पहिये, व्हील अलाइनमेंट, वाहन की बॉडी का क्रश पैटर्न, पैसेंजर कंपार्टमेंट, एयरबैग और सीट-बेल्ट सिस्टम की जांच की। जांच में यह भी देखा गया कि हादसे से पहले कार में कोई यांत्रिक खराबी तो नहीं थी।



**कठोर दीवार से टकराने के बाद पीछे की सीट तक धंसा**

अबान की कार में बायां फ्रंट हिस्सा कंक्रीट की कठोर दीवार से टकराने के बाद पीछे की सीट तक धंस गया था। हादसे के बाद कार का हाल देखकर यह पता चला कि उस समय उसकी रफ्तार 130 किलोमीटर के करीब थी। इसी रफ्तार से कार सीधे कंक्रीट की मजबूत सुरक्षा दीवार से जा टकराई।

# बांदा नाला हादसा: 'तेज बहाव निगल गया खुशियां',

## चाची-भतीजे समेत तीन की मौत, तैरकर बची चाचा की जान, सुनाई आपबीती



मरका थाना क्षेत्र स्थित गुजेनी गांव में मंगलवार को बारिश के बाद उफनाए बहा नाले को पार कर रहे चार किसान तेज बहाव में बह गए। इस हादसे में चाची कुसुमरानी, भतीजे कोमल और सिया की डूबने से मौत हो गई, जबकि एक अन्य चाचा रामखेलावन ने तैरकर अपनी जान बचाई।बांदा जिले मे मरका थाना क्षेत्र के गुजेनी गांव में मंगलवार को बारिश के बाद उफनाए बहा नाले को पार करते समय चार किसान तेज बहाव में बह गए। हादसे में चाची और भतीजे समेत तीन की डूबने से मौत हो गई। एक किसान ने किसी तरह तैरकर अपनी जान बचा ली।ग्रामीणों और पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद तीनों के शव ढूंढ निकाले। गुजेनी गांव के किसान बहा नाले के दूसरी ओर खेती-किसानी के लिए गए थे। दिनभर हुई बारिश से नाले में अचानक बाढ़ आ गई। शाम को किसान रामखेलावन अपनी पत्नी कुसुमरानी और भतीजे कोमल के साथ लौट रहे थे।

**चारों नाला पार करने के लिए तैरने लगे**

उनके साथ सिया भी थीं। चारों नाला पार करने के लिए तैरने लगे, लेकिन तेज बहाव में वह खुद को संभाल न सके। हादसे में गुजेनी निवासी कोमल (27) , चाची कुसुमरानी (30) और सिया (50) की डूबने से मौत हो गई। वहीं, चाचा रामखेलावन (35) किसी तरह तैरकर बाहर निकल आए और ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी।

**शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। कोमल अपने पीछे पत्नी, दो पुत्रियों और एक पुत्र को छोड़ गया है। कुसुमरानी के दो पुत्र और सिया का एक पुत्र है। मरका थाना प्रभारी सूबेदार बिंद ने बताया कि तीनों शव मिल गए हैं। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

**नाले पर पुल न होने से हादसा**

ग्रामीणों ने बताया कि गुजेनी का बहा नाला पारा और भाटी गांवों को जोड़ने वाला आम रास्ता है। नाले पर आज तक पक्का रास्ता या पुल नहीं बन सका है। बारिश के दिनों में नाले में पानी बढ़ने से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी होती है। घटना की जानकारी पर बबेरू विधायक विशंभर सिंह यादव भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मिलकर दुख जताया और हरसंभव मदद का भरोसा दिया।



# स्टार्टअप से यूनिकॉर्न तक: टोक्यो में पीयूष गोयल ने गिनाई भारत की कामयाबी, बोले- युवा अब नौकरी ले नहीं, दे रहे

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने टोक्यो में कहा कि 'स्टार्टअप इंडिया' के 10 वर्षों में भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम तेजी से बढ़ा है और देश में स्टार्टअप्स की संख्या करीब 400-500 से बढ़कर लगभग 2.5 लाख हो गई है। उन्होंने कहा कि भारत के युवा अब नौकरी तलाशने के बजाय रोजगार देने वाले उद्यमी बन रहे हैं। जापान के टोक्यो में स्टार्टअप्स के साथ एक राउंडटेबल बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा है। उन्होंने कहा कि 'स्टार्टअप इंडिया' पहल को शुरू हुए अब 10 साल हो चुके हैं और इस दौरान देश में स्टार्टअप्स की संख्या में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। दस साल पहले जहां इनकी संख्या महज 400-500 के आसपास थी, वहीं आज यह आंकड़ा करीब 2,50,000 तक पहुंच गया है। भारत में 130 से अधिक यूनिकॉर्न हैं और करीब आधे नए स्टार्टअप छोटे शहरों से सामने आ रहे हैं। गोयल ने भारत से जापान पहुंचे 200 से अधिक कारोबारियों के प्रतिनिधिमंडल को भी दोनों देशों के कारोबारी रिश्तों के लिए अहम बताया।

**'युवाओं की सोच में आया बड़ा बदलाव'**

गोयल ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा इसके साथ ही युवाओं की सोच में भी बड़ा बदलाव आया है। आज भारत का युवा सिर्फ नौकरी तलाशने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बन रहा है। वह इनोवेटर है, विचारक है और नए विचारों के साथ आगे बढ़ रहा है। वह असफलता से घबराने के बजाय उसे सफलता की सीढ़ी बनाने के लिए तैयार है। वह असफल होने के बाद फिर उठकर बेहतर अवसर की तलाश करने का हौसला रखता है और जोखिम लेने से भी पीछे नहीं हटता। युवा अच्छे करियर और मोटी सैलरी का जोखिम उठाकर अपना उद्यम शुरू करने के लिए तैयार हैं और इनमें से कई कामयाबी की नई मिसाल बनकर उभरे हैं। गोयल ने कहा कि भारत में 130 से अधिक यूनिकॉर्न और कई सौ 'सूनिकॉर्न' हैं। ये युवा अपनी उपलब्धियों के साथ-साथ अलग तरीके से सोचने और नए रास्ते तलाशने की क्षमता से भी देश को गौरवान्वित कर रहे हैं।




**छोटे शहरों से निकल रहे हैं नए स्टार्टअप**

पीयूष गोयल ने कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है और आज उद्यमिता केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रह गई है। उन्होंने कहा कि भारत में शुरू होने वाले नए स्टार्टअप्स में करीब आधे छोटे शहरों से आ रहे हैं। यह बदलाव देश के बदलते कारोबारी माहौल और युवाओं में बढ़ती उद्यमशीलता को दर्शाता है। गोयल ने कहा कि छोटे शहरों से आने वाले इन उद्यमियों पर भारत को गर्व है।

**'शार्क टैंक' की तर्ज पर होगी स्टार्टअप प्रस्तुति श्रृंखला**

गोयल ने भारत और जापान के बीच स्टार्टअप्स के लिए लोकप्रिय कार्यक्रम 'शार्क टैंक' की तर्ज पर एक विशेष प्रस्तुति श्रृंखला शुरू करने का प्रस्ताव रखा। इसका उद्देश्य दोनों देशों के युवा स्टार्टअप्स को निवेशकों और संभावित कारोबारी साझेदारों से जोड़ना है। टोक्यो में स्टार्टअप्स को लेकर आयोजित एक गोलमेज बैठक में गोयल ने कहा कि डिजिटल संपर्क का लाभ उठाते हुए इन प्रस्तुतियों का आयोजन ऑनलाइन भी किया जा सकता है, जिससे भारतीय और जापानी स्टार्टअप्स के बीच बातचीत और सहयोग के नए रास्ते खुलेंगे। पीयूष गोयल ने कहा, 'भारत और जापान मिलकर 'शार्क टैंक' जैसी एक प्रस्तुति श्रृंखला विकसित कर सकते हैं, जिससे युवा स्टार्टअप्स को अपने विचार पेश करने का मौका मिलेगा।' भारतीय स्टार्टअप्स जापानी निवेशकों के सामने अपने विचार और कारोबारी योजनाएं रख सकते हैं, जबकि जापानी स्टार्टअप्स भारत में अपने लिए साझेदार और कारोबारी अवसर तलाश सकते हैं।

**ऑनलाइन बैठकों से बढ़ेगा दोनों देशों के स्टार्टअप्स का संपर्क**

गोयल ने कहा कि आज इंटरनेट और वीडियो बैठक जैसे माध्यमों के जरिए दुनिया पहले से कहीं अधिक जुड़ी हुई है। ऐसे में भारत और जापान के स्टार्टअप्स के बीच लगातार प्रस्तुति सत्र आयोजित किए जा सकते हैं। इंटरनेट और वीडियो बैठकों के जरिए दुनिया के इस वैश्विक जुड़ाव के दौर में हम अधिक से अधिक प्रस्तुति सत्र आयोजित कर सकते हैं, जहां भारतीय स्टार्टअप्स जापानी निवेश के लिए अपने विचार पेश करें और जापानी स्टार्टअप्स भारत में साझेदार तलाशें।

**विचार पेश करने से आगे बढ़कर निवेश और कारोबार पर जोर**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने कहा कि इस पहल का मकसद केवल स्टार्टअप्स को अपने विचार पेश करने का मंच देना नहीं, बल्कि शुरुआती प्रस्तुतियों को वास्तविक कारोबारी सहयोग में बदलना है। उन्होंने कहा कि हम साथ मिलकर अधिक कारोबारी संपर्क विकसित करें और प्रस्तुतियों से आगे बढ़कर प्रायोगिक परियोजनाओं, निवेश और बड़े स्तर पर विस्तार की दिशा में आगे बढ़ें।"

**जापानी कंपनियों और स्टार्टअप्स को भारत आने का न्योता**

पीयूष गोयल ने जापान की कंपनियों और स्टार्टअप्स को भारत के साथ मिलकर काम करने का न्योता भी दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच मजबूत आर्थिक सहयोग से व्यापक स्तर पर समृद्धि और नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि आप सभी को भारत आने और हमारे साथ मिलकर काम करने का हार्दिक निमंत्रण है। क्योंकि जापान और भारत मिलकर अच्छे काम, समृद्धि और बेहतर भविष्य के लिए एक ऐसी ताकत बन सकते हैं, जिसका प्रभाव कई गुना बढ़ सकता है।

**जापान की धैर्यपूर्ण पूंजी और तकनीकी विशेषज्ञता का भारत में स्वागत**

गोयल ने जापान की 'धैर्यपूर्ण पूंजी' और सटीक इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उसकी विशेषज्ञता को भारतीय कंपनियों के साथ जोड़ने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि शुरुआती चरण के स्टार्टअप्स के लिए लंबे समय तक निवेश बनाए रखने वाली पूंजी बेहद महत्वपूर्ण है। मैं भारत-जापान गहन तकनीकी पूंजी गलियारे का सुझाव देता हूं, जहां धैर्यपूर्ण पूंजी के बड़े स्रोत उपलब्ध हों। यह पूंजी केवल परिपक्व यूनिकॉर्न कंपनियों के लिए ही नहीं, बल्कि खास तौर पर शुरुआती चरण के वित्तपोषण के लिए हो, ताकि इन स्टार्टअप्स के विचारों और नवाचारों को सफल कहानियों में बदलने में मदद मिल सके।

**डिजाइन से बड़े पैमाने पर इस्तेमाल तक भारत में पूरा अवसर**

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत डिजाइन से लेकर बड़े पैमाने पर उत्पादों की तैनाती तक पूरी श्रृंखला उपलब्ध कराता है। उन्होंने कहा कि भारत केवल नए उत्पादों के परीक्षण के लिए ही बड़ा बाजार नहीं है, बल्कि यहां उत्पादों को बेचने और बड़े स्तर पर लागू करने के भी पर्याप्त अवसर मौजूद हैं।

**विश्वविद्यालयों और निवेश संस्थानों के बीच सहयोग बढ़ाने पर जोर**

पीयूष गोयल ने दोनों देशों के विश्वविद्यालयों, स्टार्टअप सहायता केंद्रों और उद्यम पूंजी कोषों के बीच सहयोग बढ़ाने का सुझाव भी दिया। उनका कहना है कि ऐसे संस्थानों के बीच मजबूत संपर्क से नए विचारों, तकनीकी नवाचारों और निवेश के अवसरों को गति मिल सकती है।

## आतंकी पन्नू को फिर मिली जान से मारने की धमकी: एफबीआई और कनाडाई पुलिस ने किया सतर्क, यात्रा को लेकर कही यह बात

खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने दावा किया है कि एफबीआई और कनाडाई पुलिस ने उसकी जान को खतरा बताते हुए चेतावनी दी है। यह चेतावनी ऐसे समय मिली है, जब निखिल गुप्ता को पन्नू की हत्या की साजिश के मामले में नवंबर को सजा सुनाई जानी है। एक खालिस्तानी आतंकी ने मंगलवार को कहा कि एफबीआई और रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने उन्हें चेतावनी दी है कि उनके जान को खतरा है।



वहीं, भारत के एक व्यक्ति को 2023 में उनके खिलाफ हत्या की साजिश रचने के लिए इस साल के अंत में सजा सुनाई जाएगी।

**एफबीआई एजेंट ने क्या चेतावनी दी है?**

सिख्स फॉर जस्टिस के जनरल काउंसल गुरपतवंत सिंह पन्नू ने कहा कि पिछले गुरुवार को उनसे मिलने आए एफबीआई एजेंटों ने उन्हें चेतावनी दी थी कि जब तक खतरा टल नहीं जाता, तब तक उन्हें यात्रा नहीं करनी चाहिए। वहीं, अगर वे यात्रा करते हैं, तो उन्हें अपनी योजनाओं के बारे में एजेंसी को पहले से बताना होगा। उन्होंने बताया कि रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने मंगलवार को उन्हें फोन पर चेतावनी दी थी, हालांकि किसी भी कानून लागू करने वाली एजेंसी ने उस साजिश के बारे में कोई जानकारी नहीं दी जिसका पता चला था। दोनों एजेंसियों ने से टिप्पणी के लिए भेजे गए संदेशों का तुरंत कोई जवाब नहीं मिला।

**क्या है ड्यूटी टू वॉर्न?**

पन्नू, जो एक अमेरिकी और कैनेडियन नागरिक है। उसने कहा कि उन्हें अमेरिका के 'ड्यूटी टू वॉर्न'(चेतावनी देने का कर्तव्य) कानून के तहत चेतावनी दी गई। यह कानून अमेरिकी खुफिया और कानून लागू करने वाली एजेंसियों को निर्देश देता है कि जब उन्हें हत्या, गंभीर

## पाकिस्तान में बड़ा हादसा: इस्लामाबाद के शीर्ष अस्पताल पीआईएमएस में लगी आग, 15 नवजातों की मौत




इस्लामाबाद के पीआईएमएस अस्पताल के स्त्री रोग वार्ड में बुधवार सुबह आग लग गई। हादसे में 15 नवजातों की मौत की खबर है। बता दें कि यह अस्पताल राजधानी के सबसे बड़ा अस्पताल है। वहीं, शुरुआती जांच में आग की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में बुधवार को एक सरकारी अस्पताल के स्त्री रोग वार्ड में आग लगी। इसके कारण 15 नवजात शिशुओं की मौत हो गई। यह जानकारी 'डॉन' की रिपोर्ट के अनुसार है। यह घटना राजधानी के सबसे बड़े और अच्छी सुविधाओं वाले सरकारी अस्पताल, पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (PIMS) में हुई। जियो न्यूज ने बताया कि आग लगने की घटना में 15 बच्चों की मौत हो गई। हालांकि, हताहतों की संख्या के बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

**पीआईएमएस की प्रवक्ता ने क्या कहा?**

पीआईएमएस की प्रवक्ता डॉ. अनीजा जलील ने 'डॉन' अखबार को बताया कि जिस वार्ड में आग लगी, वहां 15 बच्चे थे। उन्होंने कहा, 'हो सकता है कि रात में कुछ बच्चों को छुट्टी दे दी गई हो, इसलिए अभी हताहतों की सही संख्या नहीं बताई जा सकती।

**आग की वजह क्या है?**

घटना के कारण के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी मालूम होती है। उन्होंने बताया कि आग सुबह करीब 7 बजे लगी थी। उन्होंने कहा कि आग बुझा दी गई है, लेकिन कूलिंग प्रोसेस में कुछ समय लगेगा। वहीं, रेस्क्यू अधिकारियों के अनुसार, अस्पताल की नर्सरी के अंदर एयर कंडीशनर का कंप्रेसर फटने के बाद की वजह से आग लगी। इसके बाद आग तेजी से फैल गई और वार्ड में धुआं भर गया।

**जांच समिति गठित की गई**

घटना की वजह और जांच के लिए जिला प्रशासन ने अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में एक जांच समिति गठित की है। प्रशासन के अनुसार, समिति आग लगने के असली कारण का पता लगाएगी और यह भी जांच करेगी कि घटना किन परिस्थितियों में हुई। इसके साथ ही कई अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था में कहीं कोई चूक तो नहीं हुई।

## कैरिबियाई सागर में अमेरिका ने एक और नाव को बनाया निशाना: चार की मौत, ट्रंप के ड्रग्स अभियान पर क्यों उठे सवाल?




अमेरिकी सेना ने कैरिबियाई सागर में ड्रग तस्करी के लिए इस्तेमाल की जा रही संदिग्ध नाव पर हमला किया, जिसमें चार लोगों की मौत हुई। इसके साथ ही ऐसे अमेरिकी हमलों में मृतकों की संख्या 227 हो गई। ट्रंप प्रशासन के इस अभियान को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। अमेरिकी सेना ने मंगलवार को कैरिबियाई सागर में ड्रग्स की तस्करी के लिए इस्तेमाल की जा रही एक संदिग्ध नाव पर हमला किया, जिसमें चार लोग मारे गए। यह घटना लैटिन अमेरिका में कथित तस्करों के खिलाफ ट्रंप प्रशासन के महीनों से चल रहे अभियान के दौरान हुई है।

**अबतक कितने लोगों की मौत हुई है?**

इस ताजा हमले के साथ ही अमेरिकी सेना के नावों पर किए गए हमलों में मारे गए लोगों की संख्या कम से कम 227 हो गई है। ये हमले 68 बार किए गए हैं और इनकी शुरुआत तब हुई थी जब ट्रंप प्रशासन ने लगभग एक साल पहले उन लोगों को निशाना बनाना शुरू किया, जिन्हें वे 'नार्को-टेररिस्ट' (नशीले पदार्थों के तस्कर और आतंकवादी) कहते हैं।

**सेना ने क्या कहा?**

पूर्वी प्रशांत महासागर और कैरिबियाई सागर में हमलों के बारे में सेना के ज्यादातर बयानों की तरह ही,अमेरिकी सदर्न कमांड ने कहा कि उसने तस्करी के जाने-पहचाने रास्तों पर कथित ड्रग तस्करों को निशाना बनाया। सेना ने इस बात का कोई सबूत नहीं दिया कि नाव से ड्रग्स की तस्करी हो रही थी। एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में एक चलती हुई नाव जैसी चीज की तस्वीर दिखी, जिसके बाद एक चमक (फ्लैश) दिखाई दी।

**इससे पहले कब हुआ था हमला?**

मंगलवार को हुआ यह हमला, पूर्वी प्रशांत महासागर में अमेरिकी सेना की ओर से एक नाव पर किए गए हमले के ठीक दो दिन बाद हुआ, जिसमें ड्रग्स की तस्करी के आरोपी दो लोग मारे गए थे। यह कार्रवाई कथित तस्करों के खिलाफ अमेरिकी अभियान में दो महीने से के ज्यादा अंतराल के बाद की गई थी।

**ट्रंप प्रशासन कौन-सी समझौता करने की कोशिश कर रहा?**

ट्रंप प्रशासन कई लैटिन अमेरिकी देशों में जमीन पर भी अपना हमलावर अभियान चलाने के लिए सहयोगी देशों के साथ समझौते करने की कोशिश कर रहा है। रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने इस महीने पनामा की यात्रा की। इस दौरान कहा कि कोलंबिया, ग्वाटेमाला और होंडुरास इस बात पर सहमत हो गए हैं कि अमेरिका उनकी जमीन पर आपराधिक समूहों के खिलाफ संयुक्त सैन्य अभियान चला सके। ग्वाटेमाला ने ऐसे किसी समझौते पर पहुंचने से इनकार किया। इक्वाडोर ने मार्च में अमेरिका के साथ इसी तरह के मिशन शुरू किए थे।

**हमले को लेकर क्या सवाल उठे?**

आलोचकों ने नावों पर किए गए हमलों की कानूनी वैधता और उनकी प्रभावशीलता पर सवाल उठाए हैं, आंशिक रूप से इसलिए क्योंकि कई जानलेवा ओवरडोज के लिए जिम्मेदार फेंटानिल की तस्करी आमतौर पर मेक्सिको से जमीन के रास्ते अमेरिका में की जाती है, जहां इसे चीन और भारत से आयातित रसायनों से बनाया जाता है। इन हमलों की कुछ डेमोक्रेटिक सांसदों और सैन्य कानून के जानकारों ने कड़ी आलोचना की है। सितंबर 2025 की शुरुआत में अमेरिकी सेना की ओर से किए गए पहले हमले ने कुछ सांसदों और सैन्य कानून के अध्ययन करने वालों के बीच विशेष चिंता पैदा की थी।

शारीरिक नुकसान या अपहरण के विश्वसनीय और ठोस खतरों का पता चले, ते वे संबंधित व्यक्तियों को इसकी सूचना दें।यह नई धमकी ऐसे समय में आई है जब भारत के निखिल गुप्ता, जिन्होंने फरवरी में साजिश के आरोपों में अपना जुर्म कबूल कर लिया था। उसे 2023 में पन्नू की हत्या की साजिश रचने के मामले में मैनहट्टन की फेडरल कोर्ट में 20 नवंबर को सजा होनी है।

**निखिल गुप्ता को क्या सजा मिल सकती है?**

एफबीआई ने कहा है कि गुप्ता को हत्या करने का निर्देश भारत सरकार के एक कर्मचारी ने दिया था। जब गुप्ता ने कोशिश की, तो अनजाने में उसने एक अंडरकवर लॉ एनफोर्समेंट ऑफिसर से बात की जो एक 'हिटमैन' (किराये का हत्यारा) बनकर बात कर रहा था। फेडरल सजा के नियमों के अनुसार, गुप्ता को कम से कम 20 साल जेल में बिताने पड़ सकते हैं। पन्नू, जो एक अलग सिख देश बनाने की वकालत करते हैं। उन्होंने मंगलवार को एक फोन इंटरव्यू में कहा 'मुझे उनकी जान से मारने की धमकियों से डर नहीं लगता।' हालांकि उन्होंने उम्मीद जताई कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी का प्रशासन अमेरिका और कनाडा की संप्रभुता के लिए खतरों को लेकर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करेगा। पन्नू ने खुद को एक सिख मानवाधिकार वकील बताया है जो पंजाब को ऐसी जगह बनाने के लिए अभियान चला रहे हैं जहां सभी धर्मों को समान अधिकार हों।

## घर खरीदना बना नई प्राथमिकता: 31% भारतीय पांच साल में चाहते हैं अपना आशियाना, क्या बदल रही है सोच?




**औसत आय 35 हजार, 14 हजार बचने की गुंजाइश**

सर्वे में शामिल लोगों की औसत मासिक आय 35 हजार और जरूरी खर्च 21 हजार रुपये रहा। 53% लोग खर्च निकालने के बाद बचत कर पा रहें। 36% के पास कुछ बचत नहीं कर पाते। 11% लोग उधार लेकर खर्च चलाते हैं।

**घर के बाद कारोबार और बच्चों की पढ़ाई:** पांच साल के लोगों के वित्तीय लक्ष्यों में मकान खरीदना 31%, कोई कारोबार शुरू करना या उसे बढ़ाना 25%, बच्चों की शिक्षा 14%, कर्ज चुकाना 10% और कार खरीदना 9% शामिल है। दोपहिया वाहन और विदेश यात्रा जैसे अपेक्षाकृत गैर-जरूरी खर्चों की प्राथमिकता घट रही है।

**बचत और निवेश में भी उछाल**

वित्तीय कल्याण सूचकांक 2025 के 34 से बढ़कर 2026 में 40 हो गया। बचत सूचकांक 23 से बढ़कर 31, निवेश सूचकांक 17 से बढ़कर 31 पहुंच गया। यानी लोग सिर्फ पैसा बचाने के बजाय उसे संपत्ति बनाने में लगा रहे हैं।

भारतीयों में अपना घर खरीदने की चाह तेजी से बढ़ी है। 31 फीसदी लोग अगले पांच साल में घर खरीदना अपना सबसे बड़ा वित्तीय लक्ष्य मानते हैं। बचत और निवेश पर भी जोर बढ़ा है। क्या भारतीय अब खर्च से ज्यादा लंबे समय की आर्थिक सुरक्षा को प्राथमिकता दे रहे हैं?भारतीयों में वित्तीय आत्मविश्वास बढ़ने के साथ अब खर्च के बजाय लंबे समय की आर्थिक सुरक्षा पर जोर बढ़ रहा है। होम क्रेडिट इंडिया की द ग्रेट इंडियन वॉलेट 2026 रिपोर्ट के मुताबिक, निम्न-मध्यम वर्ग के 31 फीसदी लोग अगले पांच साल में अपना घर खरीदना सबसे बड़ा वित्तीय लक्ष्य मानते हैं। पिछले साल के मुकाबले इसमें 8 प्रतिशत अंक की बढ़ोतरी हुई है। घर खरीदना महिलाओं की प्राथमिकता में सबसे ऊपर है। 40 फीसदी महिलाओं ने अगले पांच साल में घर खरीदने को लक्ष्य बताया, जबकि पुरुषों में यह आंकड़ा 29 फीसदी रहा। घर खरीदने के बाद कारोबार शुरू या बढ़ाना 25 फीसदी लोगों की प्राथमिकता रही।



## इंफ्रा परियोजनाओं की लागत में 3.40 लाख करोड़ का इजाफा: 1,775 प्रोजेक्ट पर बढ़ा बोझ, आम लोगों पर क्या असर?




**आम लोगों के लिए इसका क्या मतलब**

इंफ्रा प्रोजेक्ट की लागत बढ़ने का असर सिर्फ सरकारी बजट तक सीमित नहीं रहता। सड़क, रेलवे, बिजली, पानी और शहरी परिवहन में लागत बढ़ने का मतलब है कि सरकार को उसी काम को पूरा करने के लिए ज्यादा पैसा खर्च करना पड़ रहा है। इससे बजट पर दबाव बढ़ सकता है। देरी होने पर आम लोगों को सड़क, रेल, परिवहन या अन्य सुविधाओं का लाभ मिलने में भी ज्यादा समय लग सकता है।

देश की 1,775 बड़ी इंफ्रा परियोजनाओं की लागत 3.40 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई है। इससे सरकार के खर्च और बजट पर दबाव बढ़ रहा है। सड़क, रेलवे और बिजली जैसी सुविधाओं से जुड़ी इन परियोजनाओं में देरी का असर आम लोगों पर भी पड़ सकता है, क्या बढ़ती लागत चिंता बढ़ाएगी? देश में सड़क, रेलवे, ऊर्जा और दूसरी बड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं पर सरकार भले ही तेजी से खर्च कर रही हो, लेकिन इन परियोजनाओं की बढ़ती लागत अब चिंता का कारण बन रही है।केंद्र की निगरानी में चल रही 1,775 बड़ी इंफ्रा परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत 3.4 लाख करोड़ बढ़कर 37.10 लाख करोड़ रुपये हो गई है। शुरुआती अनुमानित लागत 33.70 लाख करोड़ रुपये थी। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की जुलाई रिपोर्ट के मुताबिक, इनकी लागत 150 करोड़ रुपये या उससे अधिक है और इनकी निगरानी 17 केंद्रीय मंत्रालयों या विभागों के स्तर पर की जा रहा है। सरकार के कुल प्रोजेक्ट में सबसे बड़ी हिस्सेदारी ट्रांसपोर्ट सेक्टर की है।

## Biz Updates: आज हिंदुस्तान कॉपर में बोली लगाएंगे खुदरा निवेशक;




**एअर इंडिया ने मालिकों से मांगे 13,000 करोड़**

घाटे से जूझ रही एअर इंडिया ने अपने मालिकों टाटा संस और सिंगापुर एयरलाइंस से करीब 1.5 अरब डॉलर (लगभग 13,000 करोड़ रुपये) की नई पूंजी मांग की है। सूत्रों के अनुसार, एयरलाइन ने यह रकम नए इक्विटी निवेश के रूप में मांगी है। यह टाटा समूह के नियंत्रण में आने के बाद मांगी गई सबसे बड़ी फंडिंग में से एक हो सकती है। टाटा समूह ने जनवरी 2022 में एयर इंडिया का नियंत्रण अपने हाथ में लिया था। इसके बाद एयरलाइन बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है। इसमें पुराने विमानों का नवीनीकरण, नए विमानों का बेड़ा तैयार करना और परिचालन लागत घटाना शामिल है।

हिंदुस्तान कॉपर में 6% हिस्सेदारी बिक्री का ओएफएस मंगलवार को संस्थागत निवेशकों के लिए खुल गया। खुदरा निवेशक बुधवार से इसमें बोली लगा सकेंगे। शेयरों की बिक्री के लिए आधार मूल्य 514 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। सरकार के पास वर्तमान में हिंदुस्तान कॉपर में 66.14 प्रतिशत हिस्सेदारी है। ओएफएस में 5.80 करोड़ से अधिक शेयर बेचे जाएंगे। इस बिक्री से सरकारी खजाने में करीब 3,000 करोड़ रुपये आने की उम्मीद है। गन्ना किसानों के लिए राहत भरी खबर है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) इसी साल गन्ने की नई रोगरोधी और अगेती किस्म सीओ-20016 जारी करने जा रहा है। सफल परीक्षण के बाद अगले तीन वर्षों में देश का चीनी उत्पादन तेजी से पटरी पर लौटने की ठोस उम्मीद बंधी है।

## स्मॉलकैप में रिकॉर्ड तेजी के पीछे छिपा खतरा: 10 में 6 शेयर इंडेक्स से पीछे, क्या निवेशकों के लिए बढ़ी चिंता?




आंकड़ों में बड़ा विरोधाभास : लार्जकैप और स्मॉलकैप में बिल्कुल विपरीत तस्वीर देखने को मिल रही है। बेहतर मार्जिन सुरक्षा और 65 फीसदी शेयरों की मजबूत भागीदारी के बावजूद लार्जकैप फंड्स से जुलाई में 1,320 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी हुई। ऊंचे मूल्यांकन और कम तेजी के बावजूद स्मॉलकैप फंड में रिकॉर्ड 7,770 करोड़ और मिडकैप फंड में 6,190 करोड़ का निवेश आया। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि स्मॉलकैप पूरी तरह से जाल नहीं है, लेकिन अब वह दौर खत्म हो चुका है जहां कचरा और क्वालिटी दोनों शेयर एक साथ दौड़ते थे। एनएसई 500 में जीतने वाले शेयरों का औसत अतिरिक्त रिटर्न घटकर 18.3 फीसदी रह गया, जो 2021 के 37.5 फीसदी के उच्चतम स्तर से आधा है।पिछले साल 24 फीसदी शेयरों ने 25 फीसदी से अधिक का रिटर्न दिया था । बैलेंस शीट और कैश फ्लो देखकर ही निवेशक आगे के दांव लगाएं। आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस और एसबीआई सहित चुनिंदा शेयरों ने सेंसेक्स की बढ़त में सबसे बड़ा योगदान दिया।

स्मॉलकैप इंडेक्स की तेजी के बावजूद ज्यादातर शेयर पीछे हैं। 2026 में सिर्फ 37.2% शेयर ही सूचकांक से बेहतर प्रदर्शन कर पाए हैं। इससे संकेत मिलता है कि तेजी कुछ चुनिंदा शेयरों के दम पर है। ऐसे में निवेशकों के लिए सही शेयर चुनना और भी अहम हो गया है। पढ़िए रिपोर्ट शेयर बाजार में स्मॉलकैप इंडेक्स की रिकॉर्ड तेजी के पीछे एक बड़ा खतरा छुपा हुआ है। पहली नजर में स्मॉलकैप इंडेक्स लार्ज और मिडकैप को पछाड़ते हुए नई ऊंचाइयों को छूता हुआ दिख रहा है, लेकिन सतह के नीचे हकीकत बिल्कुल उलट है। यस सिक्योरिटीज की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2026 में निफ्टी स्मॉलकैप 250 इंडेक्स के सिर्फ 37.2 फीसदी शेयर ही अपने बेंचमार्क इंडेक्स से बेहतर प्रदर्शन कर पाए हैं। यह आठ वर्षों में स्मॉलकैप शेयरों की सबसे कमजोर चाल है।आसान शब्दों में कहें तो हर 10 में से 6 से ज्यादा स्मॉलकैप शेयर इंडेक्स के रिटर्न की बराबरी भी नहीं कर पा रहे हैं। इंडेक्स को केवल कुछ गिने-चुने शेयर ऊपर खींच रहे हैं, जिससे अंधाधुंध पैसा लगाने वाले खुदरा निवेशकों के फंसने का खतरा बढ़ गया है।एसबीआई सिक्योरिटीज के टेक्निकल और डेरिवेटिव्स रिसर्च हेड सुदीप शाह का मानना है कि 24,200–24,170 का दायरा तत्काल समर्थन का काम करेगा। 24,170 से नीचे फिसलने पर इंडेक्स 24,050 की ओर जा सकता है। ऊपर 24,480 से 24,500 तत्काल प्रतिरोध है।

## एक्सप्लेनर: परंदूर एयरपोर्ट परियोजना को सीएम विजय ने क्यों किया रद्द क्या था पूरा प्लान और अब आगे क्या?

चेन्नई के दूसरे एयरपोर्ट के लिए प्रस्तावित परंदूर परियोजना को सीएम विजय ने रद्द कर दिया। लंबे समय से किसान और ग्रामीण इसका विरोध कर रहे थे। अब सरकार दूसरी जगह पर एयरपोर्ट बनाने के लिए विकल्प तलाशेगी। लेकिन सवाल है, परंदूर एयरपोर्ट का पूरा प्लान क्या था और अब चेन्नई के दूसरे एयरपोर्ट का भविष्य क्या होगा?चेन्नई के पास परंदूर में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट परियोजना को तमिलनाडु सरकार ने रद्द कर दिया है। मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय की घोषणा के बाद डीएमके समेत विपक्षी दलों ने इसका विरोध किया और विधानसभा से वॉकआउट किया। वहीं, लंबे समय से परियोजना का विरोध कर रहे स्थानीय किसानों और ग्रामीणों ने फैसले का स्वागत किया है।परंदूर एयरपोर्ट प्रोजेक्ट क्या था? इस प्रोजेक्ट में क्या-क्या शामिल था? चेन्नई को दूसरे एयरपोर्ट की जरूरत क्यों थी? एयरपोर्ट से क्या-क्या फायदा होने का दावा किया गया था? परियोजना कितनी आगे बढ़ चुकी थी? इस परियोजना का क्यों विरोध हो रहा था? अभी क्या फैसला लिया गया है? ऐसे में आइए जानते हैं.परियोजना के लिए करीब 5,369 एकड़ यानी 2,172.73 हेक्टेयर जमीन चिन्हित की गई थी। इसमें दो रनवे बनाने का प्रस्ताव था। प्रत्येक रनवे की लंबाई 4,040 मीटर और चौड़ाई 45 मीटर रखी गई थी।




**परंदूर एयरपोर्ट प्रोजेक्ट क्या था?**

चेन्नई में बढ़ते हवाई यातायात को देखते हुए परंदूर में दूसरा अंतरराष्ट्रीय ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट बनाने की योजना बनाई गई थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने अगस्त 2022 में इसकी घोषणा की थी। प्रस्तावित एयरपोर्ट चेन्नई के मौजूदा मीनांबक्कम एयरपोर्ट से करीब 57 किलोमीटर दूर था। दरअसल, ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट वह नया हवाई अड्डा होता है

**अभी क्या हुआ?**

मुख्यमंत्री जोसेफ विजय ने विधानसभा में घोषणा की कि उनकी सरकार परंदूर में एयरपोर्ट स्थापित करने के लिए अब तक उठाए गए कदमों को छोड़ देगी। उन्होंने कहा कि चेन्नई की बढ़ती यात्री और कार्गो जरूरतों को देखते हुए नया एयरपोर्ट जरूरी है, लेकिन इसके लिए दूसरी जगह तलाश की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने जनवरी 2025 में एगनापुरम और आसपास के गांवों का दौरा किया था और एयरपोर्ट का विरोध कर रहे लोगों की समस्याएं सुनी थीं। उन्होंने कहा कि वह परंदूर और आसपास के 12 गांवों के प्रदर्शनकारियों के साथ खड़े हैं।

**किस नियम के तहत विधानसभा में घोषणा हुई?**

परियोजना को रद्द करने की घोषणा तमिलनाडु विधानसभा में नियम 110 के तहत की गई। नियम 110 के तहत मुख्यमंत्री या कोई मंत्री किसी ऐसे विषय पर सदन में बयान दे सकता है जो तत्काल सार्वजनिक महत्व का हो। इस प्रक्रिया में सामान्य प्रस्ताव या विधेयक की तरह विस्तृत बहस जरूरी नहीं होती। परंदूर एयरपोर्ट को छोड़ने की घोषणा इसी प्रक्रिया के तहत की गई, जिस पर विपक्ष ने आपत्ति जताई। डीएमके का आरोप है कि इतने महत्वपूर्ण और बड़े आर्थिक प्रभाव वाले फैसले पर सदस्यों को चर्चा या अपनी राय रखने का पर्याप्त अवसर नहीं दिया गया।

## Gold-Silver Price: सोने की चमक फिर बढ़ी, चांदी 2.5 लाख के पार; तांबा-जिंक समेत इन धातुओं में भी बढ़े दाम



अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने ने सोमवार को 4729.70 डॉलर प्रति औंस का उच्च स्तर छुआ। वहीं घरेलू बाजार एमसीएक्स पर सोने ने 1.43 फीसदी की तेजी के साथ 164,758 रुपये प्रति 10 ग्राम का उच्चतम स्तर छुआ। चांदी में भी लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में बढ़त जारी रही। सोमवार को यह 3,500 रुपये चढ़कर 2,53,500 रुपये प्रति किलोग्राम के चार महीने से अधिक के शीर्ष स्तर पर पहुंच गई। कॉमेक्स पर चांदी ने 69.66 डॉलर प्रति औंस का शीर्ष स्तर छुआ।

**एल्युमीनियम और जिंक में गजब की तेजी**

पिछले दो महीने में तांबा 9.68%, एल्युमीनियम 4.88 फीसदी और जिंक 15.48 फीसदी चढ़ा है। जबकि एक साल में तांबा 54.74 फीसदी, एल्युमीनियम 38.45 फीसदी, लेड 9.24 फीसदी और जिंक 55.46 फीसदी महंगा हुआ है।

Gold-Silver Price: त्योहारों से पहले सोना-चांदी समेत औद्योगिक धातुओं के दाम तेजी से बढ़ रहे हैं। तांबा, एल्युमीनियम, जिंक और लेड महंगे होने से पंखे, एसी, फ्रिज, टीवी, वाहन और घर बनाने की लागत बढ़ सकती है। ऐसे में क्या आने वाले दिनों में आम लोगों की जेब पर महंगाई का बोझ और बढ़ेगा? पढ़िए रिपोर्ट-त्योहारों से ठीक पहले कमोडिटी बाजार में हलचल मची हुई है। कीमती धातुओं और औद्योगिक धातुओं दोनों में एकसाथ तेजी आ रही है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग द्वारा बॉन्ड बायबैक कार्यक्रम के विस्तार के बाद डॉलर सूचकांक गिरकर 98 के स्तर पर आ गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सभी धातुओं की कीमत डॉलर में तय होती है। डॉलर कमजोर होने पर खरीदारों के बीच मेटल्स की मांग बढ़ गई है, जिसका असर कीमतों पर दिखाई दे रहा है। अगर कीमतें इसी तरह बढ़ती रहीं, तो जल्द ही तमाम चीजें महंगी होंगी।



## The Bonus Market Update: बाजार में गिरावट का दौर जारी; सेंसेक्स 50 अंक से अधिक लुढ़का, निफ्टी 24,250 के नीचे




**बाजार में गिरावट की मुख्य वजह क्या है?**

भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार की गिरावट के पीछे दो प्रमुख कारण रहे। पहला, अमेरिकी शेयर बाजार वॉल स्ट्रीट में पिछली रात हुई भारी गिरावट का असर भारतीय बाजार पर पड़ा। दूसरा, कच्चे तेल की कीमतों में लगातार वृद्धि भी बाजार के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। इन वैश्विक संकेतों ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। इससे बाजार में बिकवाली का दबाव बढ़ गया।गुरुवार, 20 अगस्त को घरेलू इक्विटी बाजार में उछाल देखा गया था। निफ्टी में 0.6 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई थी। इस दिन भारतीय इक्विटी बेंचमार्क ने सात सत्रों से चली आ रही गिरावट की श्रृंखला को तोड़ा था। निवेशकों ने निचले स्तरों पर मूल्य खरीदारी की थी। इससे बाजार को कुछ राहत मिली थी।विश्लेषकों का अनुमान है कि भारतीय बाजार सीमित दायरे में रह सकते हैं। हालांकि, हल्की सुधार की संभावना भी बनी हुई है। मजबूत वैश्विक संकेत भी बाजार को सहारा दे सकते हैं।

भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार, 21 अगस्त को गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 50 अंक से अधिक गिरा, जबकि निफ्टी 24,250 के नीचे आ गया। वॉल स्ट्रीट में नुकसान और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर दिखा। आईटी शेयरों में भी गिरावट आई।भारतीय शेयर बार में शुक्रवार, 21 अगस्त को गिरावट का रुख रहा। प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 50 अंक से अधिक लुढ़क गया। वहीं, निफ्टी भी 24,250 के महत्वपूर्ण स्तर से नीचे आ गया। यह गिरावट वॉल स्ट्रीट में रात भर के नुकसान और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण हुई। आईटी शेयरों में भी बिकवाली का दबाव देखा गया।गुरुवार, 20 अगस्त को भारतीय इक्विटी बेंचमार्क ने सात सत्रों की लगातार गिरावट को रोका था। हालांकि, शुक्रवार को बाजार इस सुधार को बनाए रखने में संघर्ष करता दिखा। सुबह 09:33 बजे सेंसेक्स 77,486.07 अंक पर कारोबार कर रहा था। इसमें 51.65 अंक या 0.06 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी 50 भी 24,219.20 अंक पर था। इसमें 12.65 अंक या 0.05 फीसदी की कमी आई।सात लगातार सत्रों की गिरावट के बाद मूल्य खरीदारी इसका समर्थन कर सकती है।

# एक बार फिर बढ़ी 'आवारापन 2' की कमाई जानें 'इनसिडियस' 'खलीफा' और 'बंटवारा 1947' का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन




Box Office Collection: सोमवार को जहां कई फिल्मों की कमाई में गिरावट आई थी वहीं, मंगलवार को 'आवारापन 2', 'इनसिडियस' और 'बंटवारा 1947' जैसी फिल्मों के केलेक्शन में उछाल आया है। मंगलवार को एक बार फिर लगभग सभी फिल्मों की कमाई में बढ़ोतरी देखने को मिली है। दूसरे सोमवार के बाद 'आवारापन 2' के कलेक्शन में बढ़ोतरी हुई है। 'इनसिडियस' की कमाई करोड़ों में हुई है। 'बंटवारा 1947' के कलेक्शन में मामूली उछाल आया है। 'खलीफा' और 'स्पाइडर-मैन 4' की कमाई करोड़ों में हुई है।

**आवारापन 2' का कलेक्शन**

दूसरे मंगलवार को इमरान हाशमी और दिशा पाटनी की अदाकारी वाली फिल्म का कलेक्शन बढ़ा है। यह फिल्म 150 करोड़ रुपये की तरफ बढ़ रही है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने 12 दिन पूरे कर लिए हैं।

- पहले हफ्ते में 'आवारापन 2' ने 113.50 करोड़ रुपये कमाए।
- दूसरे सोमवार को इसने 2.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया।
- दूसरे मंगलवार को इसने चार करोड़ रुपये कमाए।
- फिल्म का कुल कलेक्शन 143 करोड़ रुपये हो चुका है।

**लाखों में सिमटी 'इनसिडियस' की कमाई**

हॉरर फिल्म 'इनसिडियस-आउट ऑफ द फर्दर' की कमाई मंगलवार को फिर बढ़ी है। बॉक्स ऑफिस पर इसकी शुरुआत धीमी रही थी। यह 'इनसिडियस-द रेड डोर' का सीक्वल है और 'इनसिडियस फ्रैंचाइजी' की छठी फिल्म है।

- ओपनिंग डे पर 'इनसिडियस' ने 2.85 करोड़ रुपये से खाता खोला था।
- दूसरे दिन इसने 3.45 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया।
- तीसरे दिन इसने 3.35 करोड़ रुपये कमाए।
- चौथे दिन इसने सिर्फ 90 लाख रुपये कमाए हैं।
- पांचवें दिन इसने 1.45 करोड़ रुपये कमाए।
- इसका कुल कलेक्शन 11.95 करोड़ रुपये हो चुका है।

**बंटवारा 1947' का बुरा हाल**

सनी देओल की अदाकारी वाली फिल्म 'बंटवारा 1947' की कमाई लाखों में पहुंच गई है। शुरुआत में इसने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की थी। इसमें प्रीति जिंटा, शबाना आजमी, अली फजल भी हैं।


- पहले हफ्ते में 'बंटवारा 1947' ने 33.60 करोड़ रुपये कमाए थे।
- दूसरे सोमवार को इसने 35 लाख रुपये कमाए।
- दूसरे मंगलवार को इसने सिर्फ 55 लाख रुपये का कलेक्शन किया है।
- इस फिल्म का कुल कलेक्शन 37.70 करोड़ रुपये हो चुका है।

खलीफा' का क्या है हाल?

पृथ्वीराज सुकुमारन की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'खलीफा' 20 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। शुरुआत में और वीकएंड पर अच्छी कमाई करने के बाद इसकी कमाई लाखों में पहुंच गई है।

ओपनिंग डे पर 'खलीफा' ने 5.35 करोड़ रुपये कमाए।
कल यानी छठे दिन इसने 1.54 करोड़ रुपये कमाए।
फिल्म का कुल कलेक्शन 14.41 करोड़ रुपये हो चुका है।
स्पाइडर-मैन ब्रांड न्यू डे' की कमाई

हॉलीवुड फिल्म 'स्पाइडर मैन 4' की कमाई में वीकएंड पर एक बार फिर उछाल देखने को मिला था। इस फिल्म का कलेक्शन 500 करोड़ रुपये के करीब पहुंच रहा है। चौथे मंगलवार को इसकी कमाई काफी घटी है। 27वें दिन 'स्पाइडर मैन 4' ने 1.60 करोड़ रुपये की कमाई की है। फिल्म का टोटल कलेक्शन 487.25 करोड़ रुपये हो चुका है।



# कभी फिल्म बनाने के लिए नहीं मिल रहे थे प्रोड्यूसर्स आज रिलीज हुई 600 करोड़ की फिल्म कौन है यह निर्देशक?

Who is Geetu mohandas?: फिल्म 'टॉक्सिक' के प्री रिलीज इवेंट में यश को लेकर निर्देशक गीतू मोहनदास भावुक हो उठीं। उन्होंने बताया की फिल्मी दुनिया में किसी ने उनकी काबिलियत पर भरोसा नहीं किया। मगर यश ने हमेशा उनके काम पर भरोसा किया। निर्देशक गीतू मोहनदास की फिल्म 'टॉक्सिक' आज सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। यश, नयनतारा, कियारा आडवाणी और हुमा कुरेशी समेत कई कलाकारों से सजी यह फिल्म करीब 600 करोड़ के बजट में बनी है। हालांकि, यह मल्टीस्टारर फिल्म बनाना गीतू के लिए आसान काम नहीं था। हाल ही में गीतू ने अपने इस सफर के बारे में काफी कुछ कहा। टॉक्सिक' पर क्या बोलीं गीतू?

- फिल्म 'टॉक्सिक' के प्री-रिलीज इवेंट में गीतू ने यश और अपनी फिल्म बनाने की जर्नी पर बात की। उन्होंने बताया कि फिल्म 'मूथोन' बनाने के बाद भी प्रोड्यूसर्स उन पर पूरी तरह भरोसा नहीं कर पा रहे थे। इवेंट में गीतू ने कहा 2009 में मैंने अपनी पहली शॉर्ट फिल्म 'केल्लकनुंडू' बनाई वो भी मात्र 50 लाख रुपये में।
- इसके बाद 2014 में रिलीज हुई मेरी फिल्म 'लायर्स डाइस' ऑस्कर में भी गई थी लेकिन किसी ने मुझ पर भरोसा नहीं किया।
- कोई भी मुझे अपनी फिल्म बनाने के लिए पैसे नहीं देना चाहता था।
- मैंने थोड़ी और बड़ी फिल्म बनाई 'मूथोन', समीक्षकों से सराहना मिली पर फिर भी कोई रिस्क लेने तैयार नहीं था।
- यश ने किया भरोसा आगे गीतू ने उस वक्त के बारे में बताया जब वह 'टॉक्सिक' बनाना चाहती थीं। उन्होंने कहा, 'मैंने खुद से कहा कि मैं देश की सबसे बड़ी फिल्म करने जा रहा हूं जिसमें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सबसे बड़ा स्टारडम होगा। मेरा यह सपना सिर्फ यश की बदौलत सच हुआ है। उन्होंने ही मुझ पर भरोसा जताया। गीतू ने आगे कहा, 'आज मैं कह सकती हूं कि दुनिया के सभी लोगों में से, बचपन से लेकर अब तक की मेरी इस यात्रा पर अगर किसी ने मुझ पर भरोसा किया, तो वह यश थे। मैं उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त नहीं कर सकती।' फिल्म 'टॉक्सिक' में यश मुख्य भूमिका में हैं।
- इसमें उनके साथ कियारा आडवाणी, नयनतारा, हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया और रुक्मिणी वसंत जैसी अभिनेत्रियां नजर आएंगी।



# 'टॉक्सिक' की शूटिंग के दौरान ही कियारा को मिली थी गुड न्यूज बताया कैसा था यश और गीतू मोहनदास का रिएक्शन



Kiara Advani in Toxic: फिल्म 'टॉक्सिक' की शूटिंग के दौरान प्रेगनेंट रहीं कियारा आडवाणी ने टीम के साथ हुए अपने भावुक पल को याद किया। इसके साथ ही को-स्टार हुमा कुरैशी ने एक्ट्रेस को लेकर एक खास किस्सा सुनाया। फिल्म 'टॉक्सिक' की शूटिंग के वक्त अभिनेत्री कियारा आडवाणी प्रेगनेंट थी। लिहाजा व्यक्तिगत तौर पर उनका इस फिल्म से गहरा है। फिल्म के प्री रिलीज इवेंट में कियारा ने उस वक्त को याद किया जब उन्होंने यह गुड न्यूज अपने परिवार के बाद अपनी टीम को सुनाई थी। प्री रिलीज इवेंट में कियारा ने क्या कहा?

- चेन्नई में हुए फिल्म 'टॉक्सिक' के प्री रिलीज इवेंट में कियारा इस खास वक्त को याद कर भावुक हो गईं। उन्होंने बताया कि किस तरह अपने मां बनने की खुशी को यश और गीतू मोहनदास के साथ साझा किया। कियारा ने कहा मैंने अपने परिवार के बाद अपने जीवन की सबसे बड़ी खुशी यश और गीतू के साथ साझा की।
- उस पल, आपने इस बारे में नहीं सोचा कि हम फिल्म कैसे पूरी करेंगे?
- फिल्म के शेड्यूल या लॉजिस्टिक्स की भी चिंता नहीं की।
- आप दोनों ने आंखों में आंसू लिए मुस्कुराते हुए मुझे बधाई दी।
- आप दोनों के कहा कि अब हम अपनी जिंदगी का सबसे अच्छा समय बिताने वाले हैं।
- आपने मुझे महसूस कराया कि मैं कुछ भी कर सकती हूं।
- मुझे एक अच्छी टीम देने के लिए आप दोनों का तहे दिल से धन्यवाद।

**कियारा को लेकर हुमा ने कही बड़ी बात**

इवेंट में अभिनेत्री कियारा आडवाणी को लेकर उनकी को-स्टार हुमा कुरैशी ने भी काफी कुछ कहा। उन्होंने फिल्म के प्री रिलीज इवेंट में उस दृश्य को याद किया जो कियारा ने फिल्म में भारी बारिश के बीच फिल्माया था। हुमा ने कह

# Aaj ka Rashifal 26 August

## कुंभ और मकर राशि वालों की किस्मत देगी साथ, नौकरी-कारोबार में होंगे सकारात्मक बदलाव




**Horoscope Prediction Today:** 26 अगस्त 2026 का आज का राशिफल जानें और देखें मेष, कर्क, सिंह, कन्या, कुंभ और मकर राशि वालों के लिए करियर, धन, प्रेम और सेहत के लिहाज से दिन कैसा रहेगा।

**Horoscope Prediction Today:** 26 अगस्त 2026 का दिन ग्रह-नक्षत्रों की चाल के लिहाज से कई राशियों के लिए खास रहने वाला है। आज कुछ जातकों को करियर और कारोबार में नए अवसर मिल सकते हैं, जबकि कुछ लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत हैं। प्रेम और पारिवारिक जीवन में भी कई तरह के बदलाव देखने को मिल सकते हैं। वहीं स्वास्थ्य के मामले में कुछ राशियों को सावधानी बरतने की जरूरत होगी। आइए जानते हैं सभी राशि वालों के लिए आज का दिन कैसा रहेगा और किन मामलों में उन्हें सफलता या सतर्कता बरतने की जरूरत है।

### मेष

आज का दिन सामान्य रहेगा, लेकिन आपको थोड़ा संभलकर आगे बढ़ना होगा। नई प्रॉपर्टी खरीदने का विचार मन में आ सकता है और लाइफस्टाइल को बेहतर बनाने पर भी खर्च करने का मन करेगा। हालांकि, खर्च और बचत के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी है। माता-पिता का आशीर्वाद और सहयोग आपके कई अटके काम पूरे करा सकता है। सेहत को लेकर लापरवाही न करें, क्योंकि छोटी सी परेशानी भी आगे बढ़ सकती है।

### वृषभ

आज धैर्य और शांत व्यवहार ही आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगा। हर मामले में अपनी राय देना जरूरी नहीं है, क्योंकि ज्यादा बोलने से बेवजह की उलझन पैदा हो सकती है। अगर कहीं घूमने या यात्रा की योजना बना रहे हैं, तो उसे कुछ समय के लिए टालना बेहतर रहेगा। परिवार में तालमेल बनाए रखना बेहद जरूरी होगा। छोटी सी बात को बढ़ने दिया तो विवाद बड़ा रूप ले सकता है, इसलिए समझदारी से काम लें।

### मिथुन

आज जल्दबाजी में उठाया गया कोई कदम आपको परेशानी में डाल सकता है, इसलिए हर फैसला सोच-समझकर लें। नया वाहन खरीदने का विचार बन सकता है और सामाजिक स्तर पर आपकी पहचान भी मजबूत होगी। हालांकि, पुराने लेन-देन या पैसों से जुड़े मामले फिर से सामने आ सकते हैं। किसी अनजान व्यक्ति की बातों पर आंख बंद करके भरोसा न करें और आर्थिक मामलों में दस्तावेजों की अच्छी तरह जांच कर लें।

### कर्क

आज भाग्य पूरी तरह आपका साथ देता नजर आएगा। आप जिस काम को हाथ लगाएंगे, उसमें सफलता मिलने की संभावना मजबूत है। जीवनसाथी को करियर या नौकरी में तरक्की की अच्छी खबर मिल सकती है, जिससे घर का माहौल खुशहाल होगा। पुरानी गलतियों से सीख लेकर आगे बढ़ना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। हालांकि, ज्यादा मौज-मस्ती के चक्कर में जरूरी कामों को नजरअंदाज न करें, वरना बाद में दबाव बढ़ सकता है।

### सिंह

आज पैसों को लेकर मन में थोड़ी चिंता बनी रह सकती है, इसलिए गैरजरूरी खर्चों पर नियंत्रण रखें। परिवार में शादी-ब्याह से जुड़ी खुशखबरी आने से माहौल खुशनुमा होगा। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को कोई अच्छा अवसर मिल सकता है। अपनी मेहनत और योग्यता पर भरोसा रखें। गलत या शॉर्टकट रास्ते से फायदा लेने की कोशिश न करें, क्योंकि इसका नुकसान बाद में भारी पड़ सकता है।

### कन्या

आज दिनभर भागदौड़ बनी रह सकती है और कुछ कामों में छोटी-मोटी रुकावटें भी आएंगी। सेहत में उतार-चढ़ाव के कारण थकान महसूस हो सकती है, इसलिए आराम के लिए समय निकालें। घर में मेहमानों के आने से रौनक बढ़ेगी, लेकिन किसी पुरानी बात को लेकर बहस भी हो सकती है। बात को बढ़ाने के बजाय शांत रहना बेहतर होगा। संतान की ओर से कोई अच्छी खबर मन प्रसन्न करेगी और धार्मिक कार्यों में भी रुचि बढ़ेगी।

### तुला

आज सकारात्मक ऊर्जा आपके आत्मविश्वास को बढ़ाएगी। नए लोगों से संपर्क बनेगा और आपकी पहचान का दायरा भी बढ़ सकता है, लेकिन हर व्यक्ति को अपना शुभचिंतक समझने की भूल न करें। उधार लेने से बचना बेहतर रहेगा, क्योंकि बाद में उसे चुकाने का दबाव परेशान कर सकता है। प्रॉपर्टी खरीदने की योजना बन सकती है। पिताजी किसी बात से नाराज हो सकते हैं, इसलिए उनकी भावनाओं को समझकर उन्हें मनाने की कोशिश करें।

### वृश्चिक

आज आर्थिक लाभ के मजबूत संकेत हैं और आपकी वित्तीय स्थिति पहले से बेहतर हो सकती है। लंबे समय से अटके कामों को पूरा करने में सफलता मिलेगी। किसी कानूनी मामले को सुलझाने के लिए सही व्यक्ति की सलाह मिल सकती है, जिससे आगे का रास्ता साफ होगा। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत और प्रतिभा से अलग पहचान बनेगी। यात्रा, टूर या ट्रांसपोर्ट से जुड़े काम करने वालों के लिए दिन विशेष रूप से लाभदायक रह सकता है।

### धनु

आज उन्नति के नए रास्ते खुलते नजर आएंगे। किसी पुराने दोस्त से मुलाकात मन को खुशी देगी और जीवनसाथी के साथ घूमने का कार्यक्रम भी बन सकता है। घर के जरूरी कामों में लापरवाही न करें, क्योंकि छोटी अनदेखी बाद में परेशानी बढ़ा सकती है। माता-पिता का आशीर्वाद आपके अटके काम पूरे कराने में मदद करेगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई या करियर से जुड़े नए अवसर मिल सकते हैं।

### मकर

आज आप अपने जरूरी कामों में काफी व्यस्त रहेंगे, फिर भी परिवार के लिए समय निकालने की कोशिश करेंगे। संतान पढ़ाई में लापरवाही कर सकती है, इसलिए उन्हें प्यार से समझाना जरूरी होगा। किसी दोस्त की ओर से कोई अच्छी खबर मिल सकती है। परिवार के साथ किसी शुभ या मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिलेगा, जिससे रिश्तों में नजदीकी और घर में खुशी का माहौल बनेगा।

### कुंभ

आज का दिन राजनीति और सार्वजनिक जीवन से जुड़े लोगों के लिए खास उपलब्धियां लेकर आ सकता है। आपकी पहचान, प्रभाव और लोगों के बीच पकड़ मजबूत होगी। जीवनसाथी नई नौकरी या करियर के लिए कोई महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं। परिवार से जुड़े मामलों में बातचीत करते समय संयम रखें, क्योंकि गलत शब्द तनाव बढ़ा सकते हैं। निवेश का फैसला लेने से पहले किसी अनुभवी व्यक्ति या विशेषज्ञ की सलाह लेना आपके लिए बेहतर रहेगा।

### मीन

आज कुछ रुकावटों के कारण काम की गति थोड़ी धीमी पड़ सकती है। किसी भी महत्वपूर्ण फैसले में जल्दबाजी न करें और दिखावे के लिए पैसा खर्च करने से बचें। सेहत को लेकर सावधान रहें, क्योंकि पुरानी परेशानी दोबारा परेशान कर सकती है। ऑफिस की जिम्मेदारियों को दूसरों के भरोसे छोड़ने के बजाय खुद संभालना बेहतर होगा। प्रॉपर्टी से जुड़े किसी भी मामले में कागजात और शर्तों की अच्छी तरह जांच किए बिना आगे न बढ़ें।

# Aaj Ka Love Rashifal

## तुला और कुंभ राशि वालों के प्यार में आएगा नया मोड़, रिश्ते को मजबूत करने का मिलेगा मौका



**Today Love Horoscope:** 26 अगस्त 2026 का आज का लव राशिफल जानें और देखें कि मेष से मीन तक सभी राशियों के लिए प्यार, रिश्ते, रोमांस और पार्टनर के साथ दिन कैसा रहेगा।

**Today Love Horoscope:** 26 अगस्त 2026 का दिन प्रेम और रिश्तों के लिहाज से कई राशियों के लिए खास रहने वाला है। आज किसी के रिश्ते में रोमांस और नजदीकियां बढ़ सकती हैं, तो वहीं कुछ लोगों को पार्टनर के साथ चल रही गलतफहमियों को दूर करने का मौका मिलेगा। शादीशुदा जातकों के लिए भी दिन भावनात्मक रूप से महत्वपूर्ण रह सकता है। वहीं सिंगल लोगों की नजर आज अपने क्रश या किसी खास व्यक्ति पर बनी रह सकती है। सितारों की चाल आपके प्रेम जीवन पर क्या असर डालेगी और किस राशि के जातकों को प्यार में मिलेगी खुशखबरी, आइए जानते हैं मेष से मीन तक सभी राशियों का आज का लव राशिफल।

# Raksha Bandhan 2026


## रक्षाबंधन से पहले इन 2 दिनों में भी बांध सकते हैं राखी, जानें शुभ मुहूर्त




**Raksha Bandhan 2026:** अगर आप रक्षा बंधन से पहले अपने भाई को राखी बांधने जा रही हैं, तो इन 2 दिनों पर राखी बांधना शुभ हो सकता है। आइए इन दिनों के महत्व और शुभ मुहूर्त को जानते हैं।

**Raksha Bandhan 2026:** हर साल सावन पूर्णिमा के दिन रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाता है। इस साल 28 अगस्त 2026 को रक्षाबंधन मनाया जाएगा। यह पर्व भाई-बहन के प्रेम और विश्वास को कई गुना बढ़ाने वाला माना जाता है। इस दिन बहनें भाई की कलाई पर राखी बांधकर उसकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। हालांकि, कई बार किसी कारणवश रक्षाबंधन के दिन राखी बांधना संभव नहीं हो पाता है। ऐसे में कुछ बहनें पर्व से पहले ही भाई को राखी बांध देती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, ऐसी स्थिति में शुभ तिथि और मुहूर्त का ध्यान रखना जरूरी माना जाता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि 28 अगस्त के अलावा किन दिनों में भाई को राखी बांधी जा सकती है और शुभ मुहूर्त क्या रहेगा।

## आज का अंक ज्योतिष: मूलांक 4 और 6 वालों को मिलेगा भाग्य का साथ, निवेश में हो सकता है फायदा




**Numerology Prediction Today:** 26 अगस्त 2026 का अंक ज्योतिष आपके मूलांक के आधार पर आज के दिन की संभावनाएं बताएगा। जानें मूलांक 1 से 9 तक के जातकों के लिए करियर, धन, प्रेम और भाग्य के मामले में आज का दिन कैसा रहेगा।

**Numerology Prediction in Hindi:** 26 अगस्त 2026 का दिन अंक ज्योतिष के लिहाज से कई लोगों के लिए खास बदलाव लेकर आ सकता है। जन्म तारीख से बनने वाला मूलांक आपके आज के दिन के बारे में कई महत्वपूर्ण संकेत देता है। किसी मूलांक वाले जातक को करियर और धन के मामले में लाभ मिल सकता है तो किसी के लिए प्रेम और रिश्तों के लिहाज से दिन बेहतर रहने वाला है। वहीं कुछ लोगों को आज फैसले लेते समय सावधानी बरतने की जरूरत पड़ सकती है। आइए जानते हैं मूलांक 1 से 9 तक के जातकों के लिए आज का अंक ज्योतिष, और देखें आपके लिए आज का दिन कैसा रहने वाला है।

**अंक 1**

आज मार्केटिंग और सेल्स से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा रह सकता है। वेतन में बढ़ोतरी या आय के नए अवसर मिल सकते हैं। स्वास्थ्य के मामले में लापरवाही न करें और अपनी दिनचर्या पर ध्यान दें। निवेश से जुड़ी किसी योजना में शामिल होने का मौका मिल सकता है। आत्मविश्वास बढ़ेगा और घर में किसी नई चीज की खरीदारी हो सकती है

**अंक 2**

आज का दिन कुछ चुनौतियों के साथ आगे बढ़ेगा, लेकिन व्यापार में लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम से जुड़ी अच्छी खबर मिल सकती है। कानूनी मामलों में राहत मिलने की संभावना है। मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर रखने के लिए योग और व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करें।

**शुभ अंक- 35**

**शुभ रंग- पीला**

**अंक 3** आज आय बढ़ाने के लिए नए लोगों से संपर्क और नेटवर्किंग आपके काम आ सकती है। आर्थिक स्थिति मजबूत होने के संकेत हैं।

## September Horoscope 2026: सितंबर में किन राशि वालों के शुरू होंगे अच्छे दिन और किसे मिलेगी टेंशन, पढ़ें राशिफल




**September Horoscope For All 12 Zodiac Sign:** सितंबर का महीना प्रारंभ होने जा रहा है। यह समय कुछ राशियों के लिए खास, तो कुछ की परेशानियां भी बढ़ा सकता है। ऐसे में यह महीना आपके लिए कैसा रहेगा, आइए राशिफल जानते हैं।

**September Horoscope For All 12 Zodiac Sign:** सितंबर का महीना कई मायनों में खास रहने वाला है। इस माह जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी समेत कई प्रमुख त्योहार मनाए जाएंगे। इसके अलावा कई ग्रहों का गोचर भी इस महीने की अवधि को विशेष बनाएगा। बता दें कि, माह के प्रारंभ में ही 2 सितंबर को शुक्र तुला राशि में गोचर करेंगे। इसके बाद बुध, सूर्य और मंगल का राशि परिवर्तन होगा और महीने के अंत में एक बार फिर बुध का गोचर होगा। ग्रहों की इस बदलती चाल का प्रभाव सभी 12 राशियों पर देखने को मिलेगा। जहां कुछ राशि वालों के लिए यह समय लाभ और सफलता लेकर आएगा, वहीं कुछ जातकों को सावधानी बरतने की आवश्यकता होगी।

# भारत बनाम श्रीलंका टेस्ट: चौथे दिन भी बारिश का साया क्या श्रीलंका बचा पाएगा फॉलोऑन?




कोलंबो में भारत-श्रीलंका टेस्ट के चौथे दिन भी बारिश का खतरा बना हुआ है। बारिश की कुल संभावना 97 प्रतिशत है। श्रीलंका को फॉलोऑन बचाने के लिए 39 रन चाहिए, जबकि उसके दो विकेट बाकी हैं। भारत और श्रीलंका के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में बारिश लगातार खलल डाल रही है। मुकाबले के पहले तीन दिन मौसम की वजह से खेल प्रभावित हुआ और अब चौथे दिन भी बारिश मैच का रोमांच बिगाड़ सकती है। कोलंबो में बुधवार को दिनभर रुक-रुककर बारिश होने की संभावना जताई गई है।

**श्रीलंका पर फॉलोऑन का खतरा**

चौथे दिन श्रीलंका की टीम अपनी पहली पारी को आगे बढ़ाने उतरेगी। मेजबान टीम के सामने फिलहाल फॉलोऑन बचाने की चुनौती है। श्रीलंका को फॉलोऑन से बचने के लिए 39 रन और बनाने हैं, जबकि उसके सिर्फ दो विकेट शेष हैं। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक सोनल दिनुशा 85 रन बनाकर और लाहिरू कुमारा 8 रन बनाकर नाबाद थे। ऐसे में चौथे दिन श्रीलंकाई टीम की पहली कोशिश बाकी बचे दो विकेटों के साथ फॉलोऑन का खतरा टालने की होगी।

**97 फीसदी बारिश की संभावना**

एक्यूवेदर के मुताबिक, बुधवार को कोलंबो में बारिश की संभावना 97 फीसदी है। ऐसे में मैच के दौरान कई बार बारिश के कारण खेल रुकने की आशंका बनी हुई है। मंगलवार को भी बारिश की संभावना 96 फीसदी थी। हालांकि, बारिश के बावजूद कुछ समय तक खेल जारी रहा, लेकिन अतिरिक्त समय को छोड़ दें तो करीब एक घंटे का खेल प्रभावित हुआ था।

भारत ने 503/9 पर घोषित की पारी

इस मुकाबले में भारत ने पहली पारी 503 रन पर 9 विकेट के स्कोर पर घोषित की। भारत के लिए देवदत्त पडिक्कल ने 117 रन, जबकि ध्रुव जुरेल ने नाबाद 115 रन की शानदार पारियां खेलीं। श्रीलंका की ओर से असिथा फर्नांडो सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने चार विकेट अपने नाम किए। इसके जवाब में श्रीलंका ने तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक सात विकेट गंवाकर 265 रन बना लिए थे। भारत की ओर से मानव सुथार और प्रसिद्ध कृष्णा ने तीन-तीन विकेट लिए हैं, जबकि मोहम्मद सिराज और रवींद्र जडेजा को एक-एक सफलता मिली है।

भारत की नजर पारी से जीत पर

चौथे दिन कुल 98 ओवर का खेल निर्धारित है। हालांकि, बारिश की 97 फीसदी संभावना को देखते हुए यह देखना दिलचस्प होगा कि वास्तव में कितने ओवर फेंके जा पाते हैं। भारत की कोशिश होगी कि श्रीलंका को जल्द से जल्द ऑलआउट कर फॉलोऑन खेलने पर मजबूर किया जाए और फिर पारी के अंतर से मुकाबला अपने नाम किया जाए। वहीं श्रीलंका की टीम पहले फॉलोऑन से बचने और उसके बाद मैच को बचाने की कोशिश करेगी। बारिश इस मुकाबले में लगातार सबसे बड़ा फैक्टर बनी हुई है। ऐसे में चौथे दिन मौसम का मिजाज मैच के नतीजे पर भी अहम असर डाल सकता है। बह से शाम तक ऐसा रहेगा मौसम

चौथे दिन के लिए घंटेवार मौसम पूर्वानुमान भी क्रिकेट फैंस के लिए ज्यादा राहत देने वाला नहीं है।

- सुबह 6 बजे: बारिश की संभावना 85 फीसदी
- सुबह 9 बजे: 75 फीसदी
- सुबह 11 बजे: 75 फीसदी
- दोपहर 12 बजे: 68 फीसदी
- दोपहर 1 बजे: 49 फीसदी
- दोपहर 2 बजे: 56 फीसदी
- दोपहर 3 बजे: 63 फीसदी
- शाम 4 बजे: 45 फीसदी
- शाम 5 बजे: 53 फीसदी
- शाम 6 बजे: 45 फीसदी

यानी दिन के अधिकांश हिस्से में बारिश का खतरा बना रहेगा। खासकर सुबह के समय बारिश की संभावना अधिक है, जिससे निर्धारित समय पर खेल शुरू होने को लेकर भी चिंता बनी हुई है।

# बीसीसीआई एजीएम: कौन बनेगा आईपीएल का नया चेयरमैन? 18 सितंबर को मुंबई में होगा चुनाव इन मुद्दों पर रहेगी नजर

18 सितंबर को मुंबई में होने वाली बीसीसीआई एजीएम में आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के दो पदों पर चुनाव होगा, जिसमें चेयरमैन का पद भी शामिल है। इसके अलावा अंडमान-निकोबार को एसोसिएट सदस्यता देने, आईसीए प्रतिनिधि की नियुक्ति और बीसीसीआई ओम्बड्समैन-एथिक्स ऑफिसर पर भी अहम फैसले होंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) 18 सितंबर 2026 को मुंबई में आयोजित होगी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। बोर्ड ने एजीएम की जानकारी अपनी सभी 38 राज्य इकाइयों को भी दे दी है।



**अंडमान-निकोबार को मिल सकती है एसोसिएट सदस्यता**

एजीएम के एजेंडे में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की क्रिकेट एसोसिएशन को एजीएम की एसोसिएट सदस्यता देने का प्रस्ताव भी शामिल है। बीसीसीआई की एपेक्स काउंसिल की जून में हुई बैठक में भी इस मुद्दे पर चर्चा की गई थी। एसोसिएट सदस्य को बीसीसीआई में मतदान का अधिकार नहीं होता। एजीएम में इस प्रस्ताव पर अंतिम फैसला लिया जा सकता है।

**आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के दो पदों पर चुनाव**

एजीएम के दौरान आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के दो निर्वाचित पदों के लिए चुनाव भी होगा। इनमें गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन का पद भी शामिल है। फिलहाल अरुण धूमल आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन हैं। बीसीसीआई के चुनाव अधिकारी ए.के. ज्योति ने मंगलवार को चुनाव संबंधी नोटिस जारी कर दिया। नोटिस में बीसीसीआई के पूर्ण सदस्यों से अपने प्रतिनिधियों के नाम चुनावी सूची में शामिल कराने के लिए आवेदन मांगे गए हैं।

**31 अगस्त तक नामांकन**

चुनाव के लिए प्रतिनिधि नामित करने की अंतिम तारीख 31 अगस्त निर्धारित की गई है। वैध रूप से नामित उम्मीदवारों की सूची 11 सितंबर को जारी की जाएगी। दोनों पदों पर चुनाव निर्विरोध होने की संभावना जताई जा रही है। आईसीए प्रतिनिधि की भी होगी नियुक्ति

एजीएम के एजेंडे में इंडियन क्रिकेटर्स एसोसिएशन (आईसीए) के प्रतिनिधि को आईपीएल गवर्निंग काउंसिल में शामिल करने का प्रस्ताव भी है। इसके अलावा बीसीसीआई के ओम्बड्समैन और एथिक्स ऑफिसर की नियुक्ति भी बैठक के एजेंडे में शामिल है।

- एजीएम में इन मुद्दों पर रहेगी मुख्य नजर18 सितंबर को मुंबई में बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक
- एंडमान और निकोबार क्रिकेट एसोसिएशन को एसोसिएट सदस्यता देने का प्रस्ताव
- आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के दो पदों पर चुनाव
- आईपीएल चेयरमैन पद पर चुनाव
- आईसीए प्रतिनिधि का आईपीएल गवर्निंग काउंसिल में शामिल होना
- बीसीसीआई ओम्बड्समैन और एथिक्स ऑफिसर की नियुक्त

# मैदान पर वापसी: अनाया बांगड़ ने कहा- अब ऑस्ट्रेलिया में एलीट क्रिकेट खेल सकती हूं डब्ल्यूबीबीएल पर भी की बात



अनाया बांगड़ ने कहा है कि वह मार्च 2027 से ऑस्ट्रेलिया में एलीट महिला क्रिकेट खेलने के लिए पात्र हैं और डब्ल्यूबीबीएल में जगह बनाने का लक्ष्य रखती हैं। उन्होंने कहा कि अब उनका फोकस फिटनेस, स्किल्स और प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी कर खुद को डब्ल्यूबीबीएल फ्रेंचाइजी के सामने साबित करने पर है।

भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय बांगड़ की बेटी अनाया बांगड़ ने दावा किया है कि अब वह मार्च 2027 से ऑस्ट्रेलिया में एलीट महिला क्रिकेट खेलने के लिए पात्र हैं। अगर वह प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी कर अपने प्रदर्शन से प्रभावित करती हैं, तो उनके लिए विमेंस बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) में खेलने का रास्ता भी खुल सकता है। अनाया ने कहा कि क्रिकेट में वापसी की संभावना उनके लिए बेहद भावुक पल है। ट्रांजिशन के बाद उन्हें क्रिकेट से दूर होना पड़ा था और एक समय उन्हें लगा था कि उनका क्रिकेट करियर खत्म हो गया है।

मुझे लगा था कि मैंने क्रिकेट हमेशा के लिए खो दिया'

बॉम्बे टाइम्स से बातचीत में अनाया ने कहा कि क्रिकेट बचपन से ही उनकी पहचान का अहम हिस्सा रहा है। ऐसे में दोबारा मैदान पर उतरने की संभावना उनके लिए सिर्फ किसी महिला लीग में खेलने का मौका नहीं, बल्कि अपने पसंदीदा खेल में लौटने का अवसर है। उन्होंने कहा, 'मैं अब मार्च 2027 से ऑस्ट्रेलिया में विमेंस बिग बैश लीग खेलने के लिए पात्र हूं। मेरे लिए यह बेहद भावुक पल है, क्योंकि एक समय मुझे सच में लगा था कि मैंने क्रिकेट हमेशा के लिए खो दिया है।' अनाया के मुताबिक, ट्रांजिशन के बाद क्रिकेट से दूर होना उनके जीवन के सबसे कठिन अनुभवों में से एक था। अब उनका लक्ष्य प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी कर खुद को एक बार फिर साबित करना है।

- क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की नीति से खुला रास्ताऑस्ट्रेलिया में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) की ट्रांसजेंडर और जेंडर-डाइवर्स खिलाड़ियों को लेकर समावेशी नीति है।
- इसकी गाइडलाइंस में कम्युनिटी क्रिकेट और एलीट क्रिकेट के बीच अंतर किया गया है और डब्ल्यूबीबीएल को एलीट प्रतियोगिता के तौर पर वर्गीकृत किया गया है।
- अनाया का कहना है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने उन्हें ऑस्ट्रेलिया में एलीट महिला क्रिकेट खेलने की दिशा में आगे बढ़ने की अनुमति दी है।
- हालांकि, डब्ल्यूबीबीएल में जगह मिलना अभी तय नहीं है।
- उन्होंने कहा कि उनका अगला लक्ष्य खुद को शारीरिक और प्रतिस्पर्धात्मक रूप से मजबूत बनाना है, ताकि किसी डब्ल्यूबीबीएल फ्रेंचाइजी की नजर में वह चयन की दावेदार बन सकें। सिर्फ पात्रता से नहीं मिलेगी डब्ल्यूबीबीएल में जगहडब्ल्यूबीबीएल में विदेशी खिलाड़ियों के लिए कॉन्ट्रैक्टिंग और ड्राफ्ट की व्यवस्था है।
- ऐसे में अनाया के लिए पात्र होना पहला कदम है, लेकिन असली चुनौती मैदान पर प्रदर्शन करके किसी फ्रेंचाइजी को प्रभावित करना होगी

**लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।**
**आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।**
**– सम्पादक**

**R.N.I. No.**
**UPHIN/25/A4228**
**स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक**
**निर्भय कुमार सेंगर**
**के लिए 'प्लैनेट न्यूज़ इंडिया' प्रेस से छपकर,**
**बी-9, गायत्री भवन,**
**विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास,**
**रामघाट रोड, अलीगढ़**
**(उ.प्र.) से प्रकाशित।**
**मो. 9454428661**
**प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर**
**(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)**
**Email:planetnewsindia776@gmail.com**

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT

+91-7088120300













